मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 26 |
| आर्द्रता | 50% |
| सूर्योदय: 06:04 | सूर्यास्त: 16:52 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने और रोज-गार सृजन पर मुख्यमंत्री नीतीश का जोर पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** सीढ़ियों को देखना पर्याप्त नहीं है सीढ़ियों पर चढ़ना जरूरी है।




# कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे पर झुकी, इसलिए भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा: प्रधानमंत्री

## जब वंदे मातरम् के 100 साल पूरे हुए थे तब संविधान का गला घोंट दिया गया था

### मुस्लिम लीग के आगे नेहरू ने घुटने टेके

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दावा किया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए गए और एक दिन पार्टी को भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा। मोदी ने सदन में ''राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा'' की शुरुआत करते हुए 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल का हवाला दिया और कहा कि जब राष्ट्रीय गीत के 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और संविधान का गला घोंट दिया गया था। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा, ''जब आजादी को कुचलने की कोशिश हुई, संविधान की पीठ पर छुरा घोंप दिया गया और देश पर आपातकाल थोप दिया गया, तब इसी वंदे मातरम ने देश को खड़ा किया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 1875 में लिखित वंदे मातरम् जब देश की ऊर्जा और प्रेरणा का मंत्र बन रहा था और स्वतंत्रता संग्राम का नारा बन गया था, तब मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति और मोहम्मद अली जिन्ना के दबाव में कांग्रेस झुक गई। उन्होंने कहा, ''तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। नेहरू जी मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों पर करारा जवाब देते, मुस्लिम लीग के बयानों की



निंदा करते, वंदे मातरम के प्रति खुद की और कांग्रेस पार्टी की निष्ठा को प्रकट करते, उसके बजाय उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्ना के विरोध के पांच दिन बाद ही तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखा और उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए कहा ''वंदे मातरम की आनंद मठ की पृष्ठभूमि मुसलमानों को इरिटेट (क्षुब्ध) कर सकती है।'' इसके बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम् के उपयोग की समीक्षा की घोषणा की जिससे पूरा देश हैरान था। मोदी ने कहा, ''देशभक्तों ने इस प्रस्ताव के विरोध में देश के कोने कोने में प्रभात फेरियां निकालीं, वंदे मातरम् गीत गाया। लेकिन देश का दुर्भाग्य कि 26 अक्टूबर (1937) को कांग्रेस ने वंदे मातरम् पर समझौता कर लिया। वंदे मातरम् के टुकड़े करने के फैसले में नकाब यह पहना गया कि यह तो सामाजिक सद्भाव का काम है। लेकिन इतिहास इस बात का गवाह है कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए और मुस्लिम लीग के दबाव में यह किया। यह कांग्रेस का तुष्टीकरण की राजनीति को साधने का एक तरीका था।'' प्रधानमंत्री के मुताबिक, नेहरू ने पत्र में लिखा, ''मैंने वंदे मातरम गीत की पृष्ठभूमि पढ़ी है। मुझे लगता है कि जो पृष्ठभूमि है, इससे मुस्लिम भड़केंगे।'' मोदी ने कहा, ''कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे पर झुकी, इसलिए उसे एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा।'' मोदी ने कहा, ''दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज वैसी की वैसी ही हैं और आज आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) चलते-चलते एमएमसी हो गया है।''

### लोकसभा में पीएम के पहुंचते ही गूंजे नारे- 'अबकी बार बंगाल की बारी'

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों न प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसभा में पहुंचने पर उनका अभिनंदन करते हुए ''बिहार की जीत हमारी है, अब बंगाल की बारी है'' के नारे लगाए। सदस्यों ने अपने स्थान पर खड़े होकर 'वंदे मातरम' के नारे के साथ मोदी का स्वागत किया।

### 'बंकिम दा' कहने पर टीएमसी की आपत्ति, पीएम मोदी ने बदला संबोधन

लोकसभा में वंदे मातरम् पर 150 वर्ष पूरे होने पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी को 'बंकिम दा' कहा, जिस पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने आपत्ति जताई और उन्हें 'बाबू' कहने का आग्रह किया। मोदी ने तुरंत कहा, ठीक है, मैं बंकिम बाबू कहूंगा। आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। हल्के अंदाज में प्रधानमंत्री ने रॉय से यह भी पूछा कि क्या वह उन्हें 'दादा' कह सकते हैं, या इस पर भी उन्हें एतराज है। पश्चिम बंगाल में 'दादा' सम्मान-सूचक संबोधन माना जाता है, जबकि ऐतिहासिक संदर्भ में 'बाबू' का उपयोग आदर के लिए होता है। चर्चा की शुरुआत में रॉय द्वारा टिप्पणी करने पर मोदी ने उनकी तबीयत का भी हाल पूछा।

# बंगाल चुनाव के कारण वंदे मातरम् पर चर्चा कराई गई: प्रियंका

### प्रियंका ने सत्तापक्ष से कहा: नेहरू पर एक बार चर्चा कराइए और फिर यह अध्याय बंद करिए

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सरकार पर 'वंदे मातरम' को विवादित करने के 'महापाप' का आरोप लगाया और दावा किया कि ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने एवं कुछ महीने बाद होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के चलते राष्ट्रीय गीत पर सदन में चर्चा कराई गई है। उन्होंने सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि राष्ट्रीय गीत पर चर्चा की जरूरत नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह देश के कण-कण में बसा है तथा देश की भावना से जुड़ा है। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य ने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह भाषण अच्छा देते हैं, लेकिन तथ्यों में कमजोर हैं। प्रियंका गांधी का कहना था कि सत्तापक्ष को पंडित जवाहरलाल नेहरू पर बार-बार आरोप लगाने के बजाय इस पर संसद में चर्चा करा लेनी चाहिए ताकि एक ही बार सारी बातें हो जाएं और यह पूरा अध्याय हमेशा के लिए खत्म हो तथा बेरोजगारी, महंगाई और दूसरी चुनौतियों पर चर्चा हो। प्रियंका ने कहा, ''प्रधानमंत्री महोदय 12 साल से इस सदन में हैं, मैं 12 महीनों से हूं। लेकिन एक छोटी सलाह देना चाहती हूं। नेहरू जी से जितनी शिकायतें हैं, जितना अपमान करना है, उसकी सूची बना लीजिए। फिर हम (लोकसभा) अध्यक्ष जी से पूछकर एक समय निर्धारित करते हैं। 10 घंटे, 20 घंटे, 40 घंटे, जितने घंटे में आपकी शिकायतें दूर हो जाएं।

# ममता ने लोकसभा में 'वंदे मातरम' पर चर्चा के प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव का स्वागत किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने लोकसभा में 'वंदे मातरम' पर चर्चा शुरू करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कदम का स्वागत किया और कहा कि उनकी पार्टी को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। उत्तर बंगाल के आधिकारिक दौरे पर रवाना होने से पहले ममता ने कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, उन्हें (मोदी को) यह करने दीजिए। हमें कोई समस्या नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने के मौके पर संसद के निचले सदन में चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश उत्पीड़न के बावजूद यह गीत चट्टान की तरह खड़ा रहा और एकता की प्रेरणा दी।'वंदे मातरम' की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी और इसकी धुन यदुनाथ भट्टाचार्य ने तैयार की थी। हालांकि, ममता ने भाजपा के कुछ नेताओं की उन टिप्पणियों का जिक्र किया, जिनमें उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी और राजा राम मोहन रॉय जैसे राष्ट्रीय नायकों के प्रति अपनी नापसंदगी जाहिर की थी।



**कूचबिहार स्थित मदनमोहन मंदिर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूजा-अर्चना कीं एवं राज्यवासियों के लिए मंगलकामना कीं।**

### ममता ने गीता पाठ को बताया भाजपा का कार्यक्रम, नहीं जाने पर दी सफाई

वहीं, इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोलकाता में हुए भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में न जाने के फैसले पर सफाई देते हुए कहा कि अगर कार्यक्रम निष्पक्ष होता, तो मैं जरूर जाती। मैं एक राजनीतिक दल से जुड़ी हूं और एक विचारधारा का पालन करती हूं। मैं हर धर्म और हर समुदाय का सम्मान करती हूं। लेकिन जिस कार्यक्रम से भाजपा सीधे जुड़ी हो, उसमें मैं कैसे जा सकती हूं? उन्होंने कहा मैं ऐसे आयोजनों में शामिल नहीं होती जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अपमान होता हो या महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन न किया जाता हो। मेरे माता-पिता ने मुझे यह शिक्षा नहीं दी है। जो लोग बंगाल का अपमान करते हैं, बंगला-बिरोधी हैं, मैं उनके साथ नहीं हूं।

### शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों के 7.12 लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुंबई :** दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद सोमवार को मुनाफावसूली होने से शेयर बाजारों में भारी गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.12 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक यानी 0.71 प्रतिशत टूटकर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ।

# चीन की यात्रा करते समय सावधानी बरतें: भारत ने अपने नागरिकों से की अपील

**नयी दिल्ली :** भारत ने सोमवार को अपने नागरिकों को परामर्श दिया कि वे चीन की यात्रा करते समय या किसी अन्य गंतव्य पर जाने के लिए वहां से गुजरते समय उचित सावधानी बरतें। नयी दिल्ली ने अपने नागरिकों को यह परामर्श अरुणाचल प्रदेश की एक महिला को शंघाई हवाई अड्डे पर प्रताड़ित किए जाने के दो सप्ताह बाद दिया है। चीन के अधिकारियों ने पारगमन के दौरान उसके भारतीय पासपोर्ट को वैध मानने से इनकार कर दिया था। नयी दिल्ली ने यह भी कहा कि वह चीनी अधिकारियों से यह आश्वासन देने की अपेक्षा करता है कि चीन के हवाई अड्डों से गुज़रने वाले भारतीय नागरिकों को चुनिंदा रूप से निशाना बनाकर परेशान नहीं किया जाएगा। भारत ने यह भी आशा व्यक्त की कि चीन के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा संबंधी नियमों का सम्मान करेंगे। भारतीय नागरिक पेमा वांग थोंगडोक ने आरोप लगाया था कि 21 नवंबर को शंघाई हवाई अड्डे पर चीनी आव्रजन अधिकारियों ने उनके भारतीय पासपोर्ट को मान्यता देने से इनकार कर दिया था क्योंकि उनका जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश है और उन्हें 18 घंटे तक हिरासत में रखा था। इस घटना के बाद नयी दिल्ली ने चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था।




# इंडिगो ने परिचालन संकट पर डीजीसीए को सौंपी रिपोर्ट

- 9.5 लाख टिकट कैंसिल, 7 दिसंबर तक 827 करोड़ रुपये वापस
- डीजीसीए की समिति कल इंडिगो के सीईओ व सीओओ को कर सकती हैं तलब

**नयी दिल्ली :** एयरलाइन ने डीजीसीए को बताया कि यह संकट किसी एक गलती का नतीजा नहीं था, बल्कि कई छोटी-बड़ी वजहों ने मिलकर इसे बड़ा बना दिया। सर्दियों के मौसम के लिए उड़ानों के समय में बदलाव किया गया था। इस बीच मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों ने भी उड़ानों को प्रभावित किया। इन स्थितियों के बीच एविएशन सिस्टम में बढ़ी हुई भीड़भाड़ से भी मुश्किलें बढ़ीं। इंडिगो ने बताया कि परेशानी का सबसे बड़ा कारण एफडीटीए के नए नियमों का दूसरा चरण लागू करना रहा। इंडिगो ने स्वीकार किया कि पायलट और केबिन क्रू की ड्यूटी के समय से जुड़े नए नियमों को लागू करने में एयरलाइन को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंडिगो ने बताया कि वे इन चुनौतियों को लेकर पहले से ही डीजीसीए के संपर्क में थे और कुछ नियमों में छूट या मोहलत मांग रहे थे। इंडिगो ने नियामक को बताया कि परिचालन के विशाल पैमाने और जटिलता को देखते हुए, इस समय संकट के सटीक कारणों को पिनपॉइंट करना वास्तविक रूप से संभव नहीं है। व्यवधान की जांच कर रहे नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा नियुक्त समिति एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स और मुख्य परिचालन अधिकारी इसिड्रे पोरक्वेरस को बुधवार को तलब कर सकती है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### इंडिगो ने महानगरों के छह हवाई अड्डों से 562 उड़ानें रद्द कीं; अकेले बेंगलुरु में 150 उड़ानें रद्द

**मुंबई :** राहुल भाटिया के नियंत्रण वाली घरेलू विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने सोमवार को महानगरों के छह हवाई अड्डों पर 562 उड़ानें रद्द कर दीं, जिनमें से 150 उड़ानें अकेले बेंगलुरु हवाई अड्डे पर रद्द की गईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रद्द की गई 562 उड़ानों में से, 'इंडिगो' ने बेंगलुरु से 76 आगमन और 74 प्रस्थान, तथा दिल्ली से 83 प्रस्थान और 60 आगमन उड़ानें रद्द कीं। उन्होंने बताया कि मुंबई और हैदराबाद हवाई अड्डों पर उड़ानों को रद्द करने की संख्या क्रमशः 98 (50 आगमन और 48 प्रस्थान) और 112 (58 आगमन और 54 प्रस्थान) रही। सूत्रों के अनुसार, जहां सोमवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर 'इंडिगो' की केवल दो उड़ानें रद्द हुईं, वहीं चेन्नई हवाई अड्डे पर आगमन और प्रस्थान मिलाकर रद्द उड़ानों की कुल संख्या 56 रही।

### शीर्ष अदालत, दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 को होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** इंडिगो द्वारा बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किए जाने से प्रभावित यात्रियों की समस्याओं को दिल्ली उच्च न्यायालय ने सहानुभूतिपूर्वक सुना, तथा 10 दिसंबर को एक याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की, जबकि उच्चतम न्यायालय ने उड़ानों के रद्द होने के कारण उत्पन्न अव्यवस्था को गंभीर मामला बताया, लेकिन हस्तक्षेप करने से इनकार किया। पृष्ठ 7






## भ्रष्टाचार के मकड़जाल में फंसी हैं दुनिया

दुनिया के लगभग हर देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार की इस महामारी से विश्व मुक्त नहीं हो पाया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा लोगों में जन जागरण और चेतना जगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक दिवसों का आयोजन किया जाता है, इनमें एक दिवस भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ दुनिया को एकजुट करने के लिए 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है, भ्रष्टाचार का मुक़ाबला करने की ख़ातिर वैश्विक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए दुनिया भर के देशों को मिलकर काम करने की ज़रूरत है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में रिश्वत की वार्षिक मात्रा एक ट्रिलियन डॉलर आँकी गई है। भ्रष्टाचार के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2.6 ट्रिलियन डॉलर का नुक़सान होता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के पाँच प्रतिशत से अधिक है। यह जगजाहिर और अकाट्य सत्य है कि दुनियाभर में भ्रष्टाचार की वजह से न केवल आर्थिक विकास पर असर पड़ता है बल्कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास को भी ठेस पहुँचती है। विश्व का कोई भी देश भ्रष्टाचार से सुरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। भ्रष्टाचार आर्थिक विकास में बाधक है, लोकतंत्र के प्रति विश्वास को नुकसान पहुँचाता है और रिश्वत की संस्कृति को बढ़ावा देता है। भ्रष्टाचार से सामाजिक असामानता फैलती है। हर साल ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल जैसी वैश्विक संस्था अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी जारी करता है जिसमें भ्रष्टतम देश शामिल किये जाते है। मगर लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार पर कोई प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा सका। यह हमारे सिस्टम का फेलियोर है या सत्ताधीशों का, इस पर गहन चिंतन और मनन की जरुरत है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी समाजों में सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। वर्तमान में भ्रष्टाचार से कोई देश, क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। यह आग की तरह दुनिया के सभी हिस्सों में फैल गया है। इससे लोकतान्त्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है भ्रष्ट आचरण यानि जिसका आचार बिगड़ गया हो। स्वार्थ में लिप्त होकर किया गया गलत कार्य भ्रष्टाचार होता है। भ्रष्टाचार के कई रूप हैं- रिश्वत, कमीशन लेना, काला बाजारी, मुनाफाखोरी, मिलावट, कर्तव्य से भागना, चोर-अपराधियों आतंकियों को सहयोग करना आदि आदि। इसका सीधा मतलब है जब कोई व्यक्ति समाज द्वारा स्थापित नैतिकता के आचरण का उल्लंघन करता है तो वह भ्रष्टाचारी कहलाता है। यहां भ्रष्टाचार से हमारा तात्पर्य अनैतिक और गलत तरीके से अर्जित आय से है।

भारत में भ्रष्टाचार ने लगता है संस्थागत रूप धारण कर लिया है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम यह कहा है की वे न तो खाएंगे और न खाने देंगे। मोदी अपनी बात पर कायम रहे मगर भ्रष्टाचार पर काबू नहीं पाया जा सका है। दुनिया के भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के द इंडिया करप्शन सर्वे 2024 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 96 वें स्थान पर रहा। इससे पहले साल 2023 में 93 और 2022 में भारत की रैंकिंग 85 थी, जो इस साल बढ़कर 96 हो गई है। दुनिया में सबसे भ्रष्ट देश सोमालिया है जबकि सबसे कम भ्रष्ट डेनमार्क है, जो लगातार छठे साल भी ग्लोबल करप्शन इंडेक्स में टॉप पर है। 140 करोड़ की आबादी का आधा भारत आज रिश्वतखोरी के मकड़जाल में फंसा हुआ है। स्थिति यह हो गई है की बिना रिश्वत दिए आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। हमारे देश में भ्रष्टाचार इस हद तक फैल चुका है कि इसने समाज की बुनियाद को हिला कर रख दिया है। जब तक मुट्ठी गर्म न की जाए तब तक कोई काम ही नहीं होता। छउठइ और लोकल सर्कल इंडिया करप्शन सर्वे रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि लोगों को सबसे ज्यादा घूस जमीन से जुड़े मामलों में देनी पड़ रही है। इसके बाद दूसरे सबसे भ्रष्ट महकमों में पुलिस शामिल है। भ्रष्टाचार एक संचारी बीमारी की भांति इतनी तेजी से फैल रहा है कि लोगों को अपना भविष्य अंधकार से भरा नजर आने लगा है और कहीं कोई भ्रष्टाचार मुक्त समाज की उम्मीद नजर नहीं आरही है। मंत्री से लेकर संतरी और नेताओं तक पर भ्रस्टाचार के दलदल में फंसे है। भ्रष्टाचार हमारे सामाजिक, आर्थिक और नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर कानून और दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। जब तक समाज एकजुट होकर भ्रष्टाचार पर हमला नहीं करेगा तब तक इस बीमारी को जड़मूल से समाप्त नहीं किया जा सकता।

-बाल मुकुन्द ओझा

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 दिसम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष पंचमी, 14:35 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 26:22 तक, योग : इंद्र, 14:29 तक, सूर्योदय: 06:01, सूर्यास्त: 16:52, चन्द्रोदय : 21:33, चन्द्रास्त: 10:08, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 14:08 से 15:28

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को आज के दिन दूसरों की भावनाओं का ध्यान रखना होगा। अपने करीबी लोगों की भावनाओं का सम्मान करें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें।

**वृष :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र षष्ठम घर में है। चतुर्थ भाव में केतु पराक्रम भाव को शुभ दृष्टि से देख रहा है। शुक्र सांसारिक सुख भोगों का प्रतिनिधि है। वृद्धजनों से बहसबाजी में न उलझें।

**मिथुन :** द्वितीय भाव में चंद्रमा और राशि से द्वितीय भाव में कर्क राशि का बृहस्पति आज आपके लिए शुभ रहने वाले हैं। राज्य से मान-सम्मान प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ से लाभ मिलेगा।

**कर्क :** आपकी राशि पर कर्क का बृहस्पति तथा कर्क का ही भाव में चन्द्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति कराएगा। नए संबंधों में स्थिरता आएगी।

**सिंह :** आज आपकी राशि पर द्वादश प्रमुख पराक्रम भाव में चन्द्रमा तथा अष्टम भाव में शनि आ जाएंगे। इसके फलस्वरूप आज आपको आपके कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं।

**कन्या :** आपकी राशि से एकादश भाव चंद्रमा संचार कर रहा है। शनि आज सप्तम भाव में है इससे इष्ट मित्रों से बेवजह का विवाद हो सकता है। अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए महापुरुषों से मुलाकात का रहने वाला है। अचानक आपको लाभ मिल सकता है। घर के पुराने लटके हुए कार्यों को बना लेने का मौका भी मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा।

**धनु :** आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है।

**मकर :** आज आपकी राशि से सप्तम का चंद्रमा पास व दूर की यात्रा का कारक है। बहन-भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

**कुम्भ :** राशि का स्वामी शनि द्वितीय मीन राशि में राजनीतिक क्षेत्र में सफलता कारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वंदी आपसे पीछे रह जाएंगे।

**मीन :** आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे।

# बंगाल में उभरते हिन्दू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण



**ललित गर्ग**

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। गजवा हिंद के प्रलापों के प्रतिकार में भगवा हिंद का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।

इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा।

इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रुवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है।

फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाज़ें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है।

न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिज़न एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है। अभी के लिए, बंगाल की जमीन पर धर्म, राजनीति और पहचान का नया त्रिकोण उभर चुका है और वही आने वाले समय में बंगाल की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संबंधों और सत्ता के समीकरणों को आकार देगा। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# चाहिए सशक्त भारत तो तोड़नी होगी 'करप्शन' की कमर



**डॉ घनश्याम बादल**

**समसामयिक: राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस विशेष**

9 दिसंबर को मनाया जा रहा राष्ट्रीय भ्रष्टाचार-निरोधक दिवस आत्म-मंथन तथा भविष्य की दिशा तय करने की चुनौती बनकर आया है। इसमें दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में एक ऐसा बड़ा अवरोध है जो न केवल विकासगति को धीमा करता है अपितु सामाजिक असमानता भी बढ़ाता है और शासन एवं शासको के प्रति जनविश्वास को भी कमज़ोर करता है। विश्व गुरु होने का दावा करने वाले भारत के बारे में आलोचक हल्के-फुल्के ढंग से एक बात कहते अक्सर देखे जाते हैं ' 'सौ में से अस्सी बेईमान फिर भी मेरा देश महान' जो आज के परिप्रेक्ष्य में ग़लत भी नहीं लगता।

यदि निष्पक्ष रूप से विचार किया जाए तो इस देश में भ्रष्टाचार रोकने के लिए बातें तो बड़ी-बड़ी की जाती है लेकिन यथार्थ के धरातल पर कार्य बहुत कम ही होता हुआ दिखाई देता है। 2014 में 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' की शपथ लेकर सत्ता में आने वाले नरेंद्र मोदी के शासनकाल में भी भ्रष्टाचार की स्थिति अच्छी नहीं कहीं जा सकती है । कह सकते हैं कि जैसा विकास अन्य क्षेत्रों में हुआ है वैसा ही भ्रष्टाचार में भी हो रहा है। भ्रष्टाचार निरोधक दिवस का उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार विरोधी कागज़ी औपचारिक संकल्प दोहराना नहीं होना चाहिए बल्कि यथार्थ के धरातल पर भी व्यवस्था के भ्रष्टाचार के लिए ज़िम्मेदार पहलुओं को समझना, भ्रष्टाचार रोकने के लिए समुचित कदम उठाना एवं उसकी राह में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने की समुचित व्यवस्था करना हो जहाँ सुधारआवश्यक है।

यदि पिछले 10 वर्ष के सी पी आई यानी अंतरराष्ट्रीय करप्शन परसेप्शन इंडेक्स पर नजर डालें तो भारत की स्थिति लगभग जैसी की तैसी है और अभी भी भारत इस इंडेक्स में 41 अंकों के साथ विश्व के देशों में 93 वे स्थान पर है 2014 से पहले के कुछ वर्षों में उसके 38 अंक थे यानी कहा जा सकता है कि राजनीतिक जुमलेबाजी अलग बात है मगर धरातल से भ्रष्टाचार को हटाना एक अलग बात सिद्ध हो रही है। कितना अच्छा हो कि 'संकल्प से सिद्धि' के ध्येय वाक्य को लेकर चलने वाली सरकार कुछ ऐसा करे कि देश से भ्रष्टाचार का अजदहा जड़ से न सही तो काफी हद तक समाप्त हो जाए।

### भ्रष्टाचार:चुनौतियाँ और वास्तविकताएँ

बेशक,आज भारत विश्व की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है, परंतु भ्रष्टाचार का दंश भी गहरा दिखाई देता है। सरकारी सेवाओं में देरी, सार्वजनिक योजनाओं में लीकेज, ठेकों में अनियमितता, तथा स्थानीय स्तर पर रिश्वत, राजनीतिक ऑब्लिगेशन, पक्षपात, सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग पक्षपात पूर्ण प्रताड़ना या छूट जैसे मामलों से जनता प्रतिदिन दो-चार होती है। भ्रष्टाचार की समस्या केवल प्रशासनिक मात्र नहीं,सामाजिक और मानसिकता से जुड़ी भी है। जब तक शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ समाज का कोई वर्ग अनुशासन, ईमानदारी और जवाबदेही को अपनी मूल प्रवृत्ति नहीं बनाएगा, तब तक व्यापक सुधार संभव नहीं। मगर आज तो आम आदमी भी नियमों के अनुसार काम करवाने के बजाय कुछ ले-देकर तुरंत काम करवाने की प्रवृत्ति पर आगे बढ़ रहा है ऐसा करना उसकी मजबूरी भी है और नियति भी।

भ्रष्टाचार के प्रमुख कारणों का यदि विवेचन किया जाए तो कई प्रमुख कारण उभरकर सामने आते हैं जिनमें जवाबदेही की कमी मुख्य सरकारी विभागों में कार्यों की निगरानी और जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं होने के कारण गड़बड़ियाँ बढ़ती हैं।

लंबी प्रक्रियाएँ जटिल और धीमी प्रशासनिक व्यवस्था भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। कोढ़ में खाज का काम करता है राजनीतिक संरक्षण । राजनीतिक दबाव और संरक्षण भ्रष्टाचार को अंदर बाहर से ताकत प्रदान करते हैं।

सूचना व जागरूकता की कमी भी भ्रष्टाचार रोकने में एक बाधा है। जब जनता को अधिकार, योजनाओं और प्रक्रियाओं की सही जानकारी नहीं होती, और उसमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता नहीं होती तब भी भ्रष्टाचार पनपता है। कठोर दंड का अभाव और समयबद्ध दंड न मिलना इस समस्या को विकराल बना है।

यें तो केवल कुछ ही कारण हैं भ्रष्टाचार बढ़ने के पीछे अनेक ऐसे कारण भी हैं जिन पर नज़र जाना भी मुश्किल है क्योंकि भ्रष्टाचार में लिप्त शासक, प्रशासक एवं कर्मचारी तथा बिचौलिए ऐसी तरकीबें ढूंढ लेते हैं कि उन्हें पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है।

पारदर्शिता लोकतंत्र की आधारशिला है और भ्रष्टाचार पर अंकुश तभी लगेगा जब नागरिक शिकायत करने में भयमुक्त हों, अधिकारी पूर्णतया जवाबदेह हों, और तंत्र निष्पक्ष होकर कार्य करे। सरकारी तंत्र में सुधार के साथ-साथ नागरिक समाज, मीडिया, स्कूल-कॉलेज और निजी क्षेत्र भी अपनी जिम्मेदारी को समझें और ईमानदारी के मूल्यों को बढ़ावा दें तो भ्रष्टाचार पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

इसके लिए जरूरी है कि ई-गवर्नेंस का विस्तार हो। सरकारी प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल करने से मानवीय हस्तक्षेप कम होगा और रिश्वत व अनियमितता पर नियंत्रण बढ़ेगा। ऑनलाइन फाइल ट्रैकिंग, डिजिटल भुगतान, और रियल-टाइम मॉनिटरिंग को तेज़ी से लागू करने की आवश्यकता है।व्हिसल-ब्लोअर्स की सुरक्षा सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है। भ्रष्टाचार उजागर करने वालों को कानूनी और प्रशासनिक सुरक्षा प्रदान करना सबसे महत्वपूर्ण है यदि लोग निर्भय होकर आवाज उठाएँगे, तो छिपे मामलों पर स्वतः अंकुश लगेगा।

स्वतंत्र और सक्षम जांच प्रणाली भी भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच तेज, तकनीक-आधारित और राजनीतिक दबाव से मुक्त हो और समयबद्ध जांच और समयबद्ध फैसला भ्रष्टाचार को कम करने का एक प्रभावी तरीका है।

इससे भी जरूरी है कि शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश किया जाए। भविष्य की पीढ़ी यदि ईमानदारी और पारदर्शिता को मूल्य के रूप में अपनाएगी, तो समाज स्वाभाविक रूप से भ्रष्टाचार-मुक्त दिशा में आगे बढ़ेगा।

जनता की सहभागिता एवं सक्रियता के बगैर भ्रष्टाचार को किसी भी हाल में नहीं हटाया जा सकता है इसलिए जनता को शिकायत प्रबंधन पोर्टल, सूचना का अधिकार, तथा सामाजिक ऑडिट जैसे उपकरणों का उपयोग सीखना बहुत ज़रूरी है और इन सबसे बढ़कर ज़रूरी है यथार्थ के धरातल पर राजनीतिक सुधार। चुनाव में पारदर्शी चंदा व्यवस्था, उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा, और राजनीतिक दलों की आय-व्यय का सामाजिक ऑडिट राजनीतिक भ्रष्टाचार कम करने में सहायक होगा।

भ्रष्टाचार केवल कानून का उल्लंघन मात्र नहीं, राष्ट्र की आत्मा को चोट पहुँचाने वाली प्रवृत्ति है। जब तक जनता, सरकार, प्रशासन, मीडिया और नागरिक समाज इससे लड़ने का सामूहिक संकल्प नहीं लेते, तब तक किसी सुधार की पूर्ण सफलता संभव नहीं। भविष्य का भारत तभी मजबूत बनेगा जब हर स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोच्च मूल्य बन जाएं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई केवल अभियानों की नहीं, वरन् रोज़मर्रा की चेतना और आचरण की बने तभी भारत भ्रष्टाचार-मुक्त और सशक्त बन सकेगा।

-लेखक स्वतंत्र चिंतक हैं

## विदेश की खबरें

### जापान के उत्तरी तट पर 7.2 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**तोक्यो :** जापान के उत्तरी तट पर सोमवार को शक्तिशाली भूकंप का झटका महसूस किया गया है, जिसके मद्देनजर सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि 7.2 तीव्रता का भूकंप आओमोरी और होक्काइडो के तट पर आया। इसने क्षेत्र में तीन मीटर (10 फीट तक) ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है।

### पुतिन की भारत यात्रा पर चीन सकारात्मक, मजबूत त्रिपक्षीय सहयोग का आह्वान किया

**बीजिंग :** चीन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया भारत यात्रा पर सोमवार को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उसने तीनों देशों को 'ग्लोबल साउथ' का अहम हिस्सा करार देते हुए कहा कि मजबूत त्रिपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं स्थिरता के साथ-साथ उनके अपने राष्ट्रीय हितों के लिए भी फायदेमंद हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में संवाददाताओं से कहा, चीन, रूस और भारत न सिर्फ उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं, बल्कि 'ग्लोबल साउथ' का अहम हिस्सा भी हैं। यह पिछले हफ्ते पुतिन की हाई-प्रोफाइल भारत यात्रा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बातचीत पर चीन की ओर से पहली प्रतिक्रिया है। गुओ ने कहा कि तीनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते न केवल उनके अपने हितों के अनुरूप हैं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा, स्थिरता एवं समृद्धि के लिए भी फायदेमंद हैं। रूस के साथ चीन के मजबूत संबंधों के मद्देनजर बीजिंग की पुतिन की भारत यात्रा पर करीबी नजर थी। भारत यात्रा से पहले पुतिन की ओर से नयी दिल्ली और बीजिंग के बारे में की गई टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर गुओ ने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए रूस और भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।

### जेलेंस्की रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने वाले अमेरिकी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर के लिए तैयार नहीं: ट्रंप

**कीव :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की उनके देश द्वारा तैयार किए गए उस शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार नहीं हैं जिसका उद्देश्य रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना है। रूस और यूक्रेन के बीच मतभेदों को कम करने के उद्देश्य से शनिवार को अमेरिकी और यूक्रेनी वार्ताकारों ने तीन दिन की बातचीत पूरी की लेकिन रविवार रात पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने संकेत दिया कि वार्ता को आगे बढ़ने से रोकने वाले जेलेंस्की ही हैं। ट्रंप ने कहा, 'मुझे थोड़ी निराशा है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अभी तक इस प्रस्ताव को नहीं पढ़ा है, कुछ घंटे पहले तक यही स्थिति थी। उनकी टीम को यह पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे नहीं पढ़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि रूस को इससे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन यह पक्का नहीं कि जेलेंस्की को यह ठीक लगे। उनकी टीम को यह पसंद है लेकिन वह तैयार नहीं हैं।'

## वर्ग पहेली नं. 3286



*बायें से दायें:-* 1) प्रेमिका, 7) स्वादिष्ठ, 8) इलाज, 10) चिंता; शत्रुता, 11) दीवारों पर का लेप, 13) गुलामी, 15) बर्बरता, 17) गदीला, 18) आलाप *(संगीत)*, 19) लज्जा, 20) क्रोध में चिल्लाना, 21) संकट, 23) आज्ञाकारी, 24) न जाने, 25) सागर, 26) मग्न.

*ऊपर से नीचे:-* 2) सूजी या आटे का एक मीठा पकवान, 3) घटिया, 4) वीर एवं साहसी, 5) किसी भी क़ीमत पर, 6) हमेशा, 8) एक दिशा, 9) लांछित, 11) ठौर ठिकाना, 12) स्तुति, 14) विचारशील, 16) सज्जन, 17) फिर से शुरू होनेवाला *(साल)*, 18) एकतंत्र, 19) उत्कट कामना, 21) व्यसन; स्वभाव; अभ्यास, 22) पुत्र, 23) थमा हुआ.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3244

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 7 | 9 | | 4 |
| | | 8 | | | | | 6 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 7 | | 9 | | 5 | | | | |
| | | | | 1 | | | | |
| | | | 2 | 7 | | 3 | 9 | 5 |
| 4 | | | | 3 | 8 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3243 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 |

# राज्य में विकास कार्य रोकने के लिए जानबूझकर इस समय एसआईआर निर्धारित किया गया : ममता



**कूचबिहार :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का यह समय राज्य में विकास परियोजनाओं को रोकने के लिए जानबूझकर रखा गया है। कूचबिहार में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक के दौरान ममता ने कहा कि इस कवायद से जुड़े अधिकारी 'अत्यधिक दबाव' में हैं, लेकिन उन्होंने उनसे एसआईआर के कारण विकास कार्यों की अनदेखी नहीं करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पता है कि बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ), उप-मंडल अधिकारियों (एसडीओ) और बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) पर भारी दबाव है। लेकिन, विकास परियोजनाओं और एसआईआर पर काम, दोनों को जारी रखना होगा। उन्होंने कहा कि इस एसआईआर ने जानबूझकर राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं को रोकने के लिए समय निकाला है। इसे दो महीने में पूरा करने की इतनी जल्दी क्यों? पिछली बार तो दो साल लग गए थे। लेकिन विकास कार्य एक सतत प्रक्रिया है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य आम लोगों के मतदान के अधिकार को छीनना और चुनावों में भाजपा की मदद करना है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से एसआईआर कवायद में बीएलओ की सहायता करने को भी कहा। उन्होंने लोगों से एसआईआर के बाद निर्वाचन आयोग की सुनवाई में शामिल होने का आग्रह किया और कहा कि मतदाताओं की सहायता के लिए 12 दिसंबर से प्रत्येक वार्ड में 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' बूथ स्थापित किए जाएंगे। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने विमानन क्षेत्र में चल रहे संकट की तुलना एसआईआर प्रक्रिया से करते हुए आरोप लगाया कि दोनों ही खराब योजना का परिणाम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले सात दिनों से लोग टिकट होने के बावजूद हवाई जहाज़ों में सवार नहीं हो पा रहे हैं। यह एसआईआर की तरह ही गलत योजना के कारण है। बीएलओ को धमकाया जा रहा है, जबकि बीडीओ और एसडीओ काम के दबाव के कारण सो नहीं पा रहे हैं। रात 10 बजे के बाद सर्वर भी काम नहीं करते।

**❑ मुख्यमंत्री ने कूचबिहार में पुलिस को अधिक सक्रिय रहने के दिए निर्देश**

इस दौरान, मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का नाम लिए बिना उसे परोक्ष रूप से चेतावनी दी कि वह बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले कूचबिहार जैसे जिलों में सुरक्षा बलों के अधिकार क्षेत्र से बाहर अति सक्रियता से बचें। उन्होंने पुलिस विभाग को राज्य के सीमावर्ती जिलों में अधिक सक्रिय रहने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कहा कि कूचबिहार बांग्लादेश की सीमा से लगा जिला है। पुलिस प्रशासन को वहां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक सतर्क रहना होगा। इस मामले में किसी का भी अनावश्यक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कूचबिहार जिला पुलिस को निर्देश दिया कि वे असम के न्यायाधिकरणों द्वारा कोच-राजबंशी समुदाय के लोगों को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) नोटिस दिए जाने के प्रति सावधान रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम सरकार को पश्चिम बंगाल के नागरिकों पर इस तरह के नोटिस चिपकाने का कोई अधिकार नहीं है। कूचबिहार जिला पुलिस को सतर्क रहना चाहिए ताकि जब दूसरे राज्यों से पुलिस बल यहां आएं और हमारे नागरिकों को गिरफ्तार करें, तो वे राज्य पुलिस को पहले से सूचित करें। हम अपराधियों को पनाह नहीं देंगे। लेकिन साथ ही, हम आम और निर्दोष लोगों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार नहीं होने देंगे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय पोर्टल पर राज्य में वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के संबंध में जानबूझकर राज्य विरोधी प्रचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया वक्फ अधिनियम हमने नहीं, बल्कि केंद्र सरकार ने लागू किया है। हमने इसके खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया है। हम उस अधिनियम के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय भी गए हैं। मामला अभी चल रहा है।

**❑ इंडिगो सेवा बाधित होने पर ममता का केंद्र पर हमला, कहा... 'बिना योजना लागू की गई नीति'**

कोलकाता, समाज्ञा : इंडिगो की उड़ान सेवाओं में लगातार हो रही गड़बड़ी को लेकर मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बिना किसी योजना के एफडीटीएल (उड़ान ड्यूटी समय सीमाएं) नामक नीति लागू कर दी, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि पायलट और क्रू को विश्राम की जरूरत होती है, यह बात वह भी मानती हैं, लेकिन किसी भी नई नीति को लागू करने से पहले उचित योजना जरूरी होती है। उनके अनुसार, पिछले कई दिनों में यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा है और सरकार का यह कदम बिना तैयारी का था। उन्होंने केंद्र से अपील की कि किसी भी नीति को लागू करने से पहले पूरी योजना बनाई जाए, जरूरत पड़ने पर विकल्प तैयार हों और यात्रियों को उसका लाभ मिल सके। केंद्र पर और तीखा हमला करते हुए ममता ने कहा कि सरकार केवल चुनाव के बारे में सोचती है, लोगों की सुविधाओं पर ध्यान नहीं देती। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यात्रियों को हुई परेशानी का मुआवजा केंद्र को देना होगा और यदि जरूरत पड़े तो यात्री अदालत का दरवाजा भी खटखटा सकते हैं।

### राज्य में अगले सात दिनों तक शुष्क मौसम

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि अगले सप्ताह रात के तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि उत्तर बंगाल के जिलों में हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता एक किलोमीटर से भी कम हो जाएगी। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को राज्य के पहाड़ी इलाकों में दार्जिलिंग में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया जो 6.2 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने बताया कि राज्य के मैदानी इलाकों में बीरभूम जिले का श्रीनिकेतन सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके मुताबिक, कलिम्पोंग एवं अलीपुरद्वार में 11-11 डिग्री, कूचबिहार में 11.6, बर्धमान और बहरामपुर में 12-12 डिग्री सेल्सियस न्यनतम तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि कोलकाता में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को महानगर में सुबह धुंध छाए रहने का अनुमान है।

# हुमायूं कबीर जिन्ना की भाषा बोलते हैं, यह बंगाली हिंदुओं के लिए चुनौती है : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर की बयानबाजी को 'मुहम्मद अली जिन्ना की भाषा' करार दिया। उन्होंने कहा कि यह ' बंगाली हिंदुओं के लिए सीधी चुनौती' है। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को किसी भी धार्मिक संस्थान के निर्माण पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन बाबर के नाम पर प्रस्तावित मस्जिद का 'प्रतीकात्मक और भड़काऊ नामकरण' का कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि आप अपनी जमीन पर, अपने समुदाय के धन से, कानूनी तौर पर मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे बनाएं। लेकिन रेजिनगर में जो हुआ वह धार्मिक आस्था नहीं थी। यह राज्य के संरक्षण में कट्टरपंथियों का शक्ति प्रदर्शन था। शुभेंदु ने कबीर पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि हुमायूं कबीर अब जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह हुसैन सुहरावर्दी और मुहम्मद अली जिन्ना की भाषा से अलग नहीं है। यह एक चुनौती है, एक युद्धघोष है, यह सह-अस्तित्व की भाषा नहीं है। भाजपा नेता ने कार्यक्रम के दौरान भारी पुलिस तैनाती का जिक्र करते हुए शासन पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब किसी महाविद्यालय में सरस्वती पूजा होती है, तो छात्रों को उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जब मैं भवानीपुर में होलिका दहन करता हूं, तो अदालत के आदेश के तहत यह रात नौ बजे के बाद एक गली के अंदर होना चाहिए। यहां तक कि देवी काली की प्रतिमाओं को भी जेल की गाड़ियों में रखा जाता है। लेकिन यहां बिना अनुमति के, पुलिस के समर्थन से लाउडस्पीकर, लाखों लोगों की भीड़ और चंदा इकट्ठा करने की अनुमति दी गई। शुभेंदु ने दावा किया कि बाबर का महिमामंडन करना भारत की सभ्यतागत विरासत का अपमान करने के समान है। उन्होंने कहा कि बाबर भारतीय नहीं था। वह लुटेरे के रूप में आया, मंदिरों को नष्ट किया, जबरन धर्मांतरण कराया और सोना-हीरा लूटा। हर भारतीय को उसके नाम पर किसी भी संरचना का नाम रखने का विरोध करने का अधिकार है।

# बीएलओ के भत्ते के लिए पहली किस्त में 61 करोड़ रुपये जारी

## चुनाव आयोग की दो चिट्ठियों के बाद नबन्ना ने लिया एक्शन



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्य शुरू होने के बाद से ही बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के मानदेय को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप था कि चुनाव आयोग बार-बार फंड मांगने के बावजूद राज्य सरकार ने लंबे समय तक राशि जारी नहीं की, जिससे हजारों बीएलओ का भत्ता अटका रहा।

आखिरकार चुनाव आयोग की लगातार दो चिट्ठियों के बाद सोमवार को नबन्ना ने पहली किस्त के रूप में 61 करोड़ रुपये जारी कर दिए।

आयोग सूत्रों के मुताबिक, वित्त विभाग से मिली यह राशि राज्य के लगभग 95 हजार बीएलओ के बीच बांटी जाएगी। शेष राशि अगले चरण में दी जाएगी। यह राशि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के काम में ही खर्च की जाएगी।

पिछले हफ्ते ही चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को नियम के अनुसार शीघ्र धनराशि जारी करने का निर्देश दिया था। तब नबन्ना ने जल्द पैसे भेजने का आश्वासन दिया था। सोमवार को उसी आश्वासन का पहला हिस्सा पूरा करते हुए वित्त विभाग ने 61 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी।

बीएलओ संगठनों ने इस कदम का स्वागत किया है, लेकिन कहा है कि बकाया पूरी राशि जल्द से जल्द जारी की जाए ताकि एसएसआर का काम सुचारु रूप से चल सके।

### विधानसभा में हुमायूं कबीर की सीट बदली जाएगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को बताया कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा पार्टी से निलंबित किए जाने के बाद भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर की विधानसभा में सीट बदली जा सकती है। विधानसभा में टीएमसी के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि हम इस मामले पर नजर रख रहे हैं। अगले कुछ दिनों में विधानसभा में कबीर समेत सस्पेंड किए गए विधायकों के बैठने की व्यवस्था पर फैसला लिया जाएगा। तृणमूल संसदीय दल ने आने वाले शीतकालीन और अंतरिम बजट सत्र से पहले कबीर की सीट बदलने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि यह कदम बागी विधायक से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए उठाया गया है, जो सत्रों के दौरान पार्टी को शर्मिंदा करने की कोशिश कर सकते हैं। सूत्रों ने संकेत दिया कि कबीर को टीएमसी के एक और सस्पेंड विधायक पार्थ चटर्जी के बगल में बैठाया जा सकता है।

# एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने के आरोप में महिला भाजपा नेता गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने के आरोप में एक महिला भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। उसे कल्याणी थाने के गयेशपुर पुलिस चौकी इलाके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला को सोमवार को कल्याणी सब-डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान, गिरफ्तार महिला भाजपा नेता ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ विस्फोटक आरोप लगाए। उसने दावा किया कि उसने किसी से एक पैसा भी नहीं लिया और उसे पार्टी के एक हिस्से ने फंसाया है। गिरफ्तार भाजपा नेता का नाम तनु है। वह उत्तर 24 परगना के हालिशहर की निवासी है। भाजपा नेता पर आरोप है कि उसने खुद को प्रभावशाली साबित करने के लिए कई शीर्ष नेतृत्व के साथ इंटिमेट फोटो दिखाए। और उस मौके का फायदा उठाकर, उसने पार्टी के चार सदस्यों से नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 3 लाख रुपये लिए। उसने दो हफ्ते के अंदर नौकरी दिलाने का वादा किया। लेकिन वह नौकरी नहीं दिला सकी। इसलिए, पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। उस शिकायत के आधार पर, पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार महिला से अपनी कस्टडी में पूछताछ करने की योजना बना रही है।

# बैठकें हो रही हैं, काम नहीं हो रहा! चिंगड़ीघाटा मेट्रो का काम क्यों रुका?

**❑ हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राज्य पर नाराज**

**❑ राज्य को गुरुवार तक नया टाइम-टेबल देने का अंतिम आदेश**



**कोलकाता :** चिंगड़ीघाटा मेट्रो प्रोजेक्ट में बार-बार देरी और ट्रैफिक ब्लॉक न देने को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार के प्रति फिर तीखी नाराजगी जताई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगणनम की डिवीजन बेंच ने साफ कहा, बैठकें हो रही हैं, आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन काम नहीं हो रहा। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट है। पूरा होने पर आम जनता को ही फायदा होगा। फिर भी राज्य खुद टाइम तय करके अब नई-नई दलीलें दे रहा है, यह कैसे स्वीकार किया जाए?

एडवोकेट जनरल ने कोर्ट में कहा कि निर्धारित इलाके में पूरा ट्रैफिक ब्लॉक दे दिया जाए तो एम्बुलेंस जैसी इमरजेंसी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी। लेकिन बेंच इस तर्क से संतुष्ट नहीं हुई। कोर्ट ने कड़ा तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, जो समस्या आप आज बता रहे हैं, वह कभी भी हो सकती है। काम जब भी शुरू होगा, यह असुविधा तो रहेगी ही। क्या इसी कारण इतना बड़ा प्रोजेक्ट हमेशा के लिए रुक जाए?

अदालत ने साफ कर दिया कि अब नवंबर में वापस नहीं लौटा जा सकता, इसलिए तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे। राज्य सरकार को आगामी बृहस्पतिवार (11 दिसंबर) तक नया ट्रैफिक ब्लॉक शेड्यूल कोर्ट में जमा करना होगा। बेंच ने चेतावनी दी कि इस रिपोर्ट में कोई नई बहाना नहीं सुना जाएगा, बल्कि प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने के लिए प्रभावी कदम ही दिखने चाहिए।

चिंगड़ीघाटा मेट्रो प्रोजेक्ट लंबे समय से ट्रैफिक ब्लॉक नहीं मिलने के कारण ठप पड़ा है, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी।


**हावड़ा मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**परिशिष्ट**

हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-खाना खंड में खाना स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि उक्त नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के विस्तार के कारण निम्नलिखित ट्रेनों को भी निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन:** 13027 (**यात्रा शुरू दिनांक** 08.12.2025) और 13017 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) नबद्वीपधाम, कटवा, सालार, खागड़ाघाट रोड, आजिमगंज स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ बैण्डेल-कटवा-आजिमगंज होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। 13153 (**यात्रा शुरू दिनांक** 08 और 09.12.2025), 12363 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13053 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13161 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 12345 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13147 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 12343 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 12377 (**यात्रा शुरू दिनांक** 08 और 09.12.2025), 13173 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13149 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) बैण्डेल, नबद्वीपधाम, कटवा, सालार, खागड़ाघाट रोड, आजिमगंज स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ बैण्डेल-कटवा-आजिमगंज होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। 13015 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13187 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 12347 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) बैण्डेल और नबद्वीपधाम स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ बैण्डेल-कटवा-अहमदपुर होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। 22321 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) बैण्डेल और नबद्वीपधाम स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ बैण्डेल-कटवा-अहमदपुर-सांइथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। ● **डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन:** 13018 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13028 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09 और 10.12.2025) आजिमगंज, खागड़ाघाट रोड, सालार, कटवा और नबद्वीपधाम स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ आजिमगंज-कटवा-बैण्डेल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। 13154 (**यात्रा शुरू दिनांक** 08 और 09.12.2025), 13054 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13162 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13148 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 12378 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 12346 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) आजिमगंज, खागड़ाघाट रोड, सालार, कटवा, नबद्वीपधाम और बैण्डेल स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ आजिमगंज-कटवा-बैण्डेल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। 13016 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13188 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 12348 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 22322 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) नबद्वीपधाम और बैण्डेल स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव के साथ अहमदपुर-कटवा-बैण्डेल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। ● **अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का निरस्तीकरण:** 13179 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) निरस्त रहेगी। ● **डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का निरस्तीकरण:** 13180 (**यात्रा शुरू दिनांक** 10.12.2025) निरस्त रहेगी। ● **डाउन एमईएमयू ट्रेनों का निरस्तीकरण: आसनसोल से:** 63506 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63508 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63512 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63514 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63516 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63518 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63522 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63524 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63526 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63552 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **अंडाल से:** 63550 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **गोड्डा से:** 63142 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **रामपुरहाट से:** 63012 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63582 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63584 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63068 (**यात्रा शुरू दिनांक** 10.12.2025)। ● **अप एमईएमयू ट्रेनों का निरस्तीकरण: बर्द्धमान से:** 63505 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63507 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63511 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63513 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63515 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63517 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63521 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63523 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63525 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63549 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63011 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63581 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63583 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63069 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **सियालदह से:** 63141 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। ● **अप ईएमयू का निरस्तीकरण: हावड़ा से:** 36811 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36835 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36825 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36081 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36083 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36085 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36031 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36033 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36071 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36011 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) और 37811 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **बैण्डेल से:** 37781 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। ● **डाउन ईएमयू का निरस्तीकरण: बर्द्धमान से:**36812 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36834 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36830 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 37812 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) और 37786 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **मसाग्राम से:** 36082 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36084 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 36086 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **चंदनपुर से:** 36032 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) और 36034 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **गुड़ाप से:**36072 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। **बारुईपाड़ा से:**36012 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025)। ● **ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू:** 63509 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63519 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13503 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) **आसनसोल** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी। 63063 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09 और 10.12.2025) **रामपुरहाट** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। 63064 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09 और 10.12.2025) **रामपुरहाट** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। 63510 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 63520 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025), 13504 (**यात्रा शुरू दिनांक** 09.12.2025) **आसनसोल** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेंगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/716, दिनांक 05.12.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3350-आर; कार्य का नामः** हावड़ा मंडल में लिलुआ में एलएलएच-बीएलवाई कॉर्ड लाइन अनुभाग तथा एसकेजी-बीडब्ल्यूबी अनुभाग (पीएच-III) में अनरेगुलेटेड ओएचई का रेगुलेटेड ओएचई में रूपांतरण के संबंध में विविध विद्युतीय सामान्य कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 2,21,389; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 4,400; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3501-आर; कार्य का नामः** दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न क्षमता के डीजी सेटों का 'बी' चेक एवं 'सी' चेक रखरखाव के साथ अतिरिक्त पुर्जों के प्रतिस्थापन द्वारा मरम्मत। **निविदा मूल्यः** रु. 48,60,588; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 97,200; **समापन अवधिः** 180 दिन (क्रमांक 1 के लिए) तथा 24 महीने (क्रमांक 2 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 29.12.2025 को 15.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-434/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 205_2025-26, दिनांक 05.12.2025, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/एनडीएई के अधीन पीटीएई में (ईआई-1 अदद) तथा जीपीएई, जेआईटी, डीटीएई एवं एनडीएई में (पीआई-4 अदद) ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान। अनुमानित लागत : रु. 3,42,82,603.68; बयाना राशिः रु. 3,21,400। क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 206_2025-26, दिनांक 05.12.2025, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/एजेड के अधीन एमजीईई, केजीएलई, एजेड, बीजेडएलई, केएनएसएन में ट्रैक मशीन साइडिंग (ईआई-5 अदद) का प्रावधान। अनुमानित लागत : रु. 3,47,89,610.29; बयाना राशिः रु. 3,24,000। क्रमांक 3, ई-निविदा सं. 207_2025-26, दिनांक 05.12.2025, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/केडब्ल्यूएई के अधीन एसएएलई, केडब्ल्यूएई में (ईआई-2 अदद) तथा पीएनडीआई, केएनएचआर, एसपीएस में (पीआई-3 अदद) ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान। अनुमानित लागत : रु. 3,43,97,899.74; बयाना राशिः रु. 3,22,000। समापन अवधिः प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः प्रत्येक के लिए 24.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-433/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/48, दिनांक 19.12.2025;** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग (चौथी मंजिल), हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत **विविध-स्थैतिक-सेवाओं** के अंतर्गत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **सूचीपत्र सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-48। नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समयः** 19.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं. एवं विवरण** क्रमशः निम्नलिखित हैं: एए/1; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-डिजिएल-54-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में डिजिटल लॉकर्स), हावड़ा मंडल के अधीन हावड़ा स्टेशन (पुराना परिसर) में 3 वर्षों के लिए डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एबी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-वीईआरजीएन-31-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में वर्टिकल गार्डन), फोरशोर रोड, हावड़ा, अवनी मॉल के निकट बगीचे का 3 वर्षों के लिए सुंदरीकरण एवं रखरखाव साथ में लाइसेंसी की लागत पर विज्ञापन का प्रावधान। **एसी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-मेडस्टेशन-35-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), हावड़ा मंडल के पाकुड़ स्टेशन में 5 वर्षों के लिए चिकित्सा स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एसी/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-मेडस्टेशन-53-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), हावड़ा मंडल के नबद्वीप धाम स्टेशन में 5 वर्षों के लिए चिकित्सा स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एसी/3;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-मेडस्टेशन-46-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), हावड़ा मंडल के बोलपुर स्टेशन में 5 वर्षों के लिए चिकित्सा स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एसी/4;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-मेडस्टेशन-51-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), हावड़ा स्टेशन (पुराना परिसर) में 5 वर्षों के लिए चिकित्सा स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एसी/5;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-मेडस्टेशन-52-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), हावड़ा स्टेशन (नए परिसर) में 5 वर्षों के लिए चिकित्सा स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एडी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-एसटीजन-48-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य), नबद्वीप धाम रेलवे स्टेशन में 10 वर्षों के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **एडी/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-एसटीजन-47-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य), बोलपुर रेलवे स्टेशन में 10 वर्षों के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। (HWH-435/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**

**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 108 स्टेशनों पर **"एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:- (1) परियोजना की अवधि:** टाला, बराहनगर, तालदी, बीरनगर, बालीगंज, जयननगर मजिलपुर, पलता -30 दिन दिनांक 28.12.2025 से शुरू। ताहेरपुर, शासनरोड -30 दिन दिनांक 29.12.2025 से शुरू। धुबुलिया, बानपुर, गोचरण, जगद्दल, टीटागढ़, काशीनगर हाल्ट - 30 दिन दिनांक 31.12.2025 से शुरू। संतोषपुर, आकड़ा, कोमागाटा मारू बजबज, अगरपाड़ा, इच्छापुर -30 दिन दिनांक 01.01.2026 से शुरू। हासनाबाद, सुभाषग्राम -30 दिन दिनांक 03.01.2026 से शुरू। दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चाम्पाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोणडालिया-30 दिन दिनांक 05.01.2026 से शुरू। बनगांव जं., दत्तपुकुर, दक्षिणेश्वर-30 दिन दिनांक 06.01.2026 से शुरू। मालतीपुर, भासिला-30 दिन दिनांक 07.01.2026 से शुरू। बहारु, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, कल्याणी शिल्पांचल, मदनपुर, काकद्वीप, हृदयपुर-30 दिन दिनांक 08.01.2026 से शुरू। कल्याणपुर, होटोर - 30 दिन दिनांक 09.01.2026 से शुरू। चंपापुकुर, कल्याणी सीमांत - 30 दिन दिनांक 11.01.2026 से शुरू। माझेरग्राम, बाली घाट, कासिमबाजार, लालगोला, ईडेन गार्डेन्स-30 दिन दिनांक 12.01.2026 से शुरू। गंगनापुर, बागबाजार, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर - 30 दिन दिनांक 13.01.2026 से शुरू। प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली, चाँदपाड़ा, सिमुराली-30 दिन दिनांक 14.01.2026 से शुरू। भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजिनगर, पलासी, माझदिया, बगुला, कांकिनाड़ा-30 दिन दिनांक 15.01.2026 से शुरू। बड़ा बाजार, पातिपुकुर, बसुलडांगा, धपधपी, पालपाड़ा, पायराडांगा - 30 दिन दिनांक 16.01.2026 से शुरू। शांतिपुर, गुमा, बामनगाछी, सूर्ज्यपुर- 30 दिन दिनांक 17.01.2026 से शुरू। बादकुल्ला-30 दिन दिनांक 18.01.2026 से शुरू। बीरा, कालिकापुर- 30 दिन दिनांक 19.01.2026 से शुरू। गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर, बिशरपाड़ा कोदालिया-30 दिन दिनांक 20.01.2026 से शुरू। जियागंज, आंड़घाटा-30 दिन दिनांक 22.01.2026 से शुरू। कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरमपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चकदह, मध्यमग्राम, नामखाना - 30 दिन दिनांक 23.01.2026 से शुरू। गोपालनगर, बिनय बादल दिनश बाग, टाकी रोड- 30 दिन दिनांक 26.01.2026 से शुरू। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्क:** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/-मात्र। **(3) आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 28.12.2025 को 15.00 बजे के अंदर।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 44, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक 28.12.2025 को 16.00 बजे ऊपर उल्लिखित स्थान पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और ईओआई कागजातों के साथ विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विधायक हुमायूं कबीर के साथ चुनावी गठजोड़ से एआईएमआईएम का इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के साथ किसी भी चुनावी गठजोड़ से सोमवार को इनकार किया और उनके प्रस्तावों को 'राजनीतिक रूप से संदिग्ध और वैचारिक रूप से असंगत' बताया। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद असीम वकार ने कहा कि कबीर को व्यापक रूप



से भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ राजनीतिक रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है। वकार ने एक बयान में कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कबीर को अधिकारी के राजनीतिक तंत्र का हिस्सा माना जाता है। और यह सर्वविदित है कि अधिकारी भाजपा के राष्ट्रीय स्तरीय नेतृत्व के मुख्य रणनीतिक ढांचे के भीतर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय उकसावे से प्रेरित राजनीति का समर्थन नहीं करता। एआईएमआईएम नेता ने कहा कि मुस्लिम समुदाय राष्ट्र निर्माण में विश्वास रखता है, उसे तोड़ने में नहीं। वह देश को मजबूत करने वाली ताकतों के साथ खड़ा है और अशांति और विभाजन पैदा करने वालों को नकारता है। पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का उल्लेख करते हुए वकार ने कहा कि ओवैसी साहब की राजनीति संवैधानिक मूल्यों, शांति और सामाजिक सद्भाव पर आधारित है। वह ऐसे किसी भी व्यक्ति से नहीं जुड़ सकते जिसके कार्य एकता को खतरे में डालते हों, सामाजिक मतभेदों को गहरा करते हों या विनाश की राजनीति को बढ़ावा देते हों। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य के मुसलमान कबीर के हालिया कदमों के पीछे की राजनीतिक मजबूरियों से पूरी तरह वाकिफ हैं। वकार ने कहा कि लोग साफ तौर पर समझते हैं कि वह किसके इशारे पर, किस हद तक और किस मकसद से काम कर रहे हैं।

## इस्कॉन मंदिर से चोरी हुईं श्रीकृष्ण की दो पीतली मूर्तियाँ बरामद, महिला भक्त ही निकली चोर

**कोलकाता :** मशहूर इस्कॉन मंदिर (शेक्सपियर सरणी) से पिछले महीने चोरी हुईं भगवान श्रीकृष्ण की दो बहुमूल्य पीतल की दो मूर्तियाँ पुलिस ने बरामद कर ली हैं। हैरानी की बात यह है कि चोरी करने वाली महिला खुद इस्कॉन की नियमित भक्त थी।



शेक्सपियर सरणी थाने में 5 दिसंबर 2025 को केस नंबर 201/25 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 5 नवंबर 2025 को शाम करीब 8 बजे एक अज्ञात महिला ने मंदिर परिसर से श्रीकृष्ण की दो पीतल की मूर्तियाँ चुरा ली थीं। दोनों मूर्तियों पर करीब 3-3 ग्राम वजन की दो सोने की हार और एक चाँदी का कमरबंद भी लगा हुआ था। मंदिर प्रशासन ने घटना के पूरे एक महीने बाद 5 दिसंबर को एंटी बर्गलरी सेक्शन (डीडी) में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही एबीएस टीम ने तुरंत काम शुरू किया और मेट्रो भवन समेत आसपास के सारे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लंबी छानबीन व मैनुअल खुफिया जानकारी के बाद पुलिस की नजर बो बजार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला पर पड़ी, जो खुद इस्कॉन की भक्त थी और मंदिर में नियमित दर्शन करने आती थी।

पुलिस ने महिला के घर पर दबिश देकर दोनों पीतल की मूर्तियाँ, सोने की दोनों हार और चाँदी का कमरबंद बरामद कर लिया। महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने मूर्तियाँ मिलने पर पुलिस को धन्यवाद दिया है।

### जीरो फॉरेक्स और यूपीआई खर्च की सुविधा के साथ ब्लैक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड लॉन्च

**मुंबई/कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए फर्स्ट वाओ! ब्लैक क्रेडिट कार्ड लॉन्च कर दिया है। यह मौजूदा फर्स्ट वाओ! क्रेडिट कार्ड का अपग्रेडेड और फीचर्स से भरपूर वर्ज़न है, जो फिक्स्ड डिपॉज़िट (एफडी) के साथ सुरक्षित है। इसे प्रीमियम लाभों के साथ सुलभ कीमत पर पेश किया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड- क्रेडिट कार्ड्स, फास्टैग और लॉयल्टी, शिरीष भंडारी ने कहा, हमारे पहले फर्स्ट वाओ! वैरिएंट के जवाब ने एक बात साफ कर दी: ग्राहक सरलता और सुलभता चाहते हैं, लेकिन अनुभव और लाभ से समझौता नहीं। फर्स्ट वाओ! ब्लैक हर लिहाज से अपग्रेड, अधिक मूल्य, अधिक यात्रा क्षमता और रोजमर्रा में उपयोग की सुविधा के साथ इसका जवाब है।

## घाटाल में बाइक और पिकअप वैन की भीषण टक्कर, एक की मौत व दो घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के घाटाल थाना इलाके में सड़क दुर्घटना एक युवक की मौत हो गई जबकि, दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में एक की पहचान बरदा टोकन निवासी फरमान (36) के रूप में हुई है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना चंद्रकोणा रोड के नवग्राम इलाके में रविवार की रात करीब 8.30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वैन ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक सवार चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर घाटाल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर तीन लोग सवार थे। टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो




गई और तीनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल घाटाल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है और चालक की भूमिका की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान है कि तेज रफ्तार और लापरवाही दुर्घटना का प्रमुख कारण हो सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## हुमायूं कबीर के नाम पर गलतफहमी : समान नाम वाले दूसरे विधायक को चंदा के लिए आए 200 फोन

**पश्चिम मेदिनीपुर :** राज्य की राजनीति में गलत पहचान का एक अजीब मामला सामने आया है, जहां हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद शैली की एक मस्जिद की नींव रखी, जबकि 200 किलोमीटर दूर पश्चिम मेदिनीपुर के डेबरा में समान नाम वाले दूसरे विधायक को चंदा के लिए करीब 200 फोन आए। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के रेजिनगर क्षेत्र के बेलडांगा में प्रस्तावित मस्जिद के लिए चंदे की अपील की, तो उन्होंने शायद ही सोचा होगा कि इसके बाद उनकी पार्टी के सहयोगी, डेबरा के विधायक को फोन आने लगेंगे। पिछले दो दिन से डेबरा विधायक के मोबाइल फोन पर विभिन्न राज्यों से अजनबियों के फोन लगातार आ रहे



हैं, जिनमें से अधिकांश एक ही अनुरोध कर रहे हैं: प्रस्तावित मस्जिद के लिए दान को लेकर क्यूआर कोड दें। सोमवार को डेबरा के विधायक ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मुझे मुर्शिदाबाद के हुमायूं कबीर के लिए लगातार आने वाले कॉल और संदेशों को सुनने में काफी दिक्कत हो रही है। यह गलत पहचान का मामला है। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि कॉल करने वाले लगभग सभी लोग मुर्शिदाबाद मस्जिद के लिए पैसे भेजना चाहते हैं। मुझे बार-बार समझाना पड़ रहा है कि मैं मुर्शिदाबाद वाला हुमायूं कबीर नहीं हूं। मैं अलग शख्स हूं, हालांकि हम दोनों ही टीएमसी विधायक हैं, जब तक कि पिछले हफ़्ते उन्हें निलंबित नहीं कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मुंबई, हरियाणा, राजस्थान और यहां तक कि विदेशों से भी फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आमतौर पर सभी अज्ञात नंबरों को उठाता हूं। पिछले दो दिनों में, मुझे करीब 200 ऐसे फोन आए होंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि मैं उनसे विनम्रतापूर्वक कहता हूं कि वे सही नंबर ढूंढें और दूसरे हुमायूं कबीर से सीधे संपर्क करें। डेबरा विधायक ने फेसबुक पर भी अपना रुख स्पष्ट किया, तथा बाद में एक संदेश पोस्ट किया।

## आरपीएफ ने मिशन सेवा के तहत घायल और बीमार यात्रियों को दी सहायता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ अपने प्रमुख पहल मिशन सेवा के तहत यात्रियों की सुरक्षा, देखभाल और मानवीय सेवा में लगातार सक्रिय है। रेलवे संपत्ति की सुरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आरपीएफ संवेदनशील प्रयासों में भी लगा हुआ है, जैसे कि असहाय बच्चों को बचाना, घायल या बीमार यात्रियों की सहायता करना और स्टेशनों व ट्रेनों पर आपात परिस्थितियों में तुरंत प्रतिक्रिया देना। इन प्रयासों के तहत 7 दिसंबर को सियालदह और आसनसोल डिवीजन के आरपीएफ कर्मियों ने रूटीन गश्ती और निगरानी के दौरान चार बीमार या घायल यात्रियों को बचाया और मदद की। इनमें, से दो व्यक्तियों-एक हावड़ा रेलवे स्टेशन पर और दूसरा अंडाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में तुरंत सहायता



प्रदान कर नजदीकी सरकारी अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा, बारासात रेलवे स्टेशन और हालिशहर-नैहाटी सेक्शन के बीच एक-एक घायल व्यक्ति को भी बचाकर आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।



गौड़ीय मिशन ने बागबाजार स्थित गौड़ीय मठ में डिजिटल लाइब्रेरी का किया शुभारंभ

### एसएससी ने ग्रुप सी और डी भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी ने ग्रुप-सी और ग्रुप-डी की भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले आवेदन की आखिरी 8 तारीख थी। सोमवार को एसएससी ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 8 से बढ़ा दी गई है और अब उम्मीदवार 12 तारीख की शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। एसएससी सूत्रों के मुताबिक, पिछले दो दिनों से करीब 50 से 60 हजार शिक्षा कर्मी आवेदन के लिए विजिट किए है। नतीजतन, इस समय एसएससी सर्वर में समस्या आ रही है। आरोप है कि कई कैंडिडेट अपनी एप्लीकेशन जमा नहीं कर पाए। इसलिए, डेडलाइन चार दिन और बढ़ाई जा रही है।

## सैमसंग सीईएस 2026 के 'द फर्स्ट लुक' इवेंट में पेश करेगा डीएक्स डिवीजन

**कोलकाता, समाज्ञा**

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 4 जनवरी को विन लास वेगास के लटूर बॉलरूम में शाम 7 बजे पीएसटी 5 जनवरी को सुबह 8:30 बजे आईएसटी 'द फर्स्ट लुक' इवेंट का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम सीईएस 2026 के उद्घाटन से दो दिन पहले होगा। कंपनी इस अवसर पर अपने डिवाइस एक्सपीरियंस (डीएक्स) डिवीजन का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी और नए एआई-संचालित ग्राहक अनुभवों को भी प्रदर्शित करेगी। डीएक्स डिवीजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टीएम रोह इवेंट के मुख्य वक्ता होंगे। इसके अलावा, विजुअल डिस्प्ले (वीडी) व्यवसाय के अध्यक्ष एसडब्ल्यू यॉन्ग और डिजिटल एप्लायंसेज (डीए) व्यवसाय के कार्यकारी उपाध्यक्ष चेओलगी किम भी मंच पर उपस्थित रहेंगे और आगामी वर्ष के लिए अपनी-अपनी व्यावसायिक योजनाओं का खुलासा करेंगे। इवेंट को सैमसंग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल, सैमसंग न्यूजरूम और निः शुल्क विज्ञापन-सहायित टीवी स्ट्रीमिंग सेवा सैमसंग टीवी प्लस पर लाइव देखा जा सकेगा। विन लास वेगास में 7 जनवरी तक अन्य सैमसंग इवेंट और प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएंगी।

## मालिक के घर में अकेले डर लगा, इसलिए कार में सोया था नौकर सुबह शव मिला

**कोलकाता :** फूलबागान थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। सीआईटी रोड स्थित पी-104 के सामने खड़ी एक निजी कार (डब्ल्यूबी-26टी-8501) के अंदर ड्राइवर सीट के बगल में 42 वर्षीय घरेलू सहायक अखिलेश सिंह बेहोश पाए गए। आसपास के लोगों ने उन्हें झकझोर कर जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई।

मृतक अखिलेश सिंह पुत्र चंद्रदेव सिंह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और कोलकाता के बीडन स्ट्रीट स्थित 1, बैष्णब सेठ फर्स्ट लेन में रहता था। वह पी-102, सीआईटी रोड निवासी 65 वर्षीय व्यवसायी हेमंत मारडा के घर में घरेलू सहायक के तौर पर काम करता था।

परिजनों और अन्य नौकरों ने पुलिस को बताया कि हेमंत मारडा के पिता की हाल ही में मृत्यु हो जाने के कारण पूरा घर खाली था। अखिलेश को अकेले घर में डर लग रहा था, इसलिए उसने रात में मालिक की कार के अंदर ही सोने का फैसला किया। सुबह जब कार के पास लोग जमा हुए तब उसकी हालत देखकर सभी सकते में आ गए।

आनन-फानन में उसे एनआरएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्टया मौत में किसी तरह की साजिश या गड़बड़ी के कोई संकेत नहीं मिले हैं। अभी तक परिवार या किसी अन्य पक्ष से कोई शिकायत भी दर्ज नहीं कराई गई है।

मामले की जांच कर रहे फूलबागान थाने के सब-इंस्पेक्टर भूलू घोष ने बताया कि मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। इस संबंध में फूलबागान थाना यूडी केस नंबर 103/25 दिनांक 08 दिसंबर 2025 दर्ज किया गया है।

### ट्रैक रखरखाव कार्य के कारण सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन के समय में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन में धुबुलिया और मुरगाछा स्टेशनों के बीच ट्रैक रखरखाव कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने 9/10, 11/12 और 13/14 दिसंबर 2025 को रात 11 बजे से सुबह 3 बजे तक 240 मिनट के ट्रैफिक ब्लॉक की योजना बनाई है। इस कार्य के चलते 53181 सियालदह - लालगोला पैसेंजर ट्रेन का संचालन 9, 11 और 13 दिसंबर 2025 को निर्धारित समय से 60 मिनट देरी से किया जाएगा। साथ ही, इन दिनों ट्रेन कृष्णापुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की जाएगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपने यात्रा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए समय पर स्टेशन पहुंचें और किसी भी असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा एवं सुचारु संचालन के सभी आवश्यक इंतजाम किए हैं।

## पूर्व रेलवे ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सोमवार को फेयरली प्लेस स्थित अपने मुख्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया। समारोह का नेतृत्व पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने किया, जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य कार्मिक अधिकारी जरीना फिरदौसी सहित पूर्व रेलवे के सभी प्रधान विभागाध्यक्षों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया और सामाजिक न्याय के अग्रदूत एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्वी रेलवे ने डॉ. अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान और समानता तथा न्याय की स्थापना के प्रति उनके समर्पण को याद किया। पूर्व रेलवे मुख्यालय के अलावा हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह मंडलों के डीआरएम कार्यालयों, वर्कशॉप्स और अन्य कार्यालयों में भी महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दि सीएजी स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह 2025 का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दि सीएजी स्कूल द्वारा वार्षिक खेलकूद समारोह 2025 का आयोजन 6 दिसंबर को गीतांजलि स्टेडियम में बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संचालिकाओं मौमंती बनर्जी और सोहेली चक्रवर्ती के ऊर्जावान स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद ध्वजारोहण का कार्य विद्यालय के ट्रस्टी एवं मानद सचिव जय कमदार द्वारा किया गया। उनके साथ माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विभाग के प्रमुख जॉयदीप मुखर्जी भी उपस्थित थे। इसके बाद, चारों सदनों तथा स्काउट दल ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया, जिसका सलामी ग्रहण ट्रस्टी एवं मानद संयुक्त सचिव चंद्रेश मेघानी ने किया।

इसके बाद प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी सेक्शन की चेयरमैन गीतांजलि ठाक्कर ने खेलकूद समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया। मशाल प्रज्वलन समारोह में पूर्व हेड बॉय तुषार राणा ने मशाल वर्तमान हेड बॉय अवनीश सिंह को सौंपी, जिन्होंने इसे आगे ट्रस्टी एवं



मानद संयुक्त सचिव परीमल अजमेरा को सुपुर्द किया। शपथ ग्रहण के दौरान हेड बॉय, हेड गर्ल, चारों सदनों के कप्तानों एवं उप-कप्तानों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी खेल भावना के साथ भाग लेने की प्रतिज्ञा ली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक (राशबेहारी विधानसभा) देवाशीष कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ट्रस्टी जय कमदार, चंद्रेश मेघानी, परीमल अजमेरा, चेयरमैन गीतांजलि ठाक्कर, समिति सदस्य परेश दफ्तरी, प्राचार्या जिमी सैनी, विभिन्न विभागों के प्रमुखगण - जॉयदीप मुखर्जी, भास्वती चौधरी, सोनल जगानी, प्रीति पॉल, अनिता रॉय तथा रोहिणी गुप्ता ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। अन्य अतिथियों में प्रैक्सिया स्किल्स के सीईओ चंद्रशेखर यादव तथा डांस इंफ्निटी के संस्थापक हातिम दहूदवाला शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन उपस्थित सभी लोगों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाकर किया गया।

## सबर जनजाति के बच्चों और बुजुर्गों को स्वेटर व कंबल वितरित



**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिम ब्लॉक के जी. प्लॉट और इंद्रप्रस्थ गांव में सामाजिक पहल के तहत सबर जनजाति के बच्चों, महिलाओं और वृद्धों के बीच 130 स्वेटर एवं कंबल वितरित किए गए। ठंड के मौसम में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में कोलकाता से पहुंचे 'सोल' एनजीओ टीम के सदस्य, स्थानीय स्टाफ, शिक्षक और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सबर जनजाति को लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं और संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यह सहायता उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। स्वयंसेवी संगठन के सदस्यों का कहना है कि यह सिर्फ सामग्री वितरण नहीं, बल्कि समाज के इन भूले-बिसरे हिस्सों तक संवेदनशीलता और सहयोग की भावना पहुँचाने का प्रयास है। उन्होंने आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम जारी रखने की बात कही। यह जानकारी रितु चौरसिया, एग्जीक्यूटिव मेंबर - सोल, ने दी।

## हावड़ा मंडल के खाना स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, कई ट्रेनें रद्द और मार्ग परिवर्तित

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के खाना स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पूर्व रेलवे ने 8 और 9 दिसंबर 2025 को कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव लागू किए हैं। इस तकनीकी कार्य के कारण अनेक मेमू तथा एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया गया है, जिनमें वर्दवान-आसनसोल मेमू (63515, 63517, 63549, 63521, 63523, 63519, 63525) और आसनसोल-वर्दवान मेमू (63516, 63518, 63550, 63522, 63524, 63526) सहित वर्दवान-रामपुरहाट मेमू (63583, 63069), रामपुरहाट-वर्दवान मेमू (63584), हटिया-वर्दवान मेमू एक्सप्रेस (13504) तथा सियालदह-सीरी मेमू एक्सप्रेस (13179) शामिल हैं। 9 दिसंबर को सीरी-सियालदह मेमू एक्सप्रेस (13180), आसनसोल-वर्दवान मेमू (63510) और रामपुरहाट-वर्दवान मेमू (63068) भी रद्द रहेंगी।

इस अवधि में कई लंबी दूरी की ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से चलाया जाएगा। 8 दिसंबर की यात्रा वाली ट्रेनें जैसे हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस (13031), सियालदह-अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस (13149), सियालदह-बामनहाट उत्तर बंगा एक्सप्रेस (13147), कोलकाता-बलुरघाट तेभागा एक्सप्रेस (13161), अलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस (13150) और बामनहाट-सियालदह उत्तरबंगा एक्सप्रेस (13148) को बंडेल-कटवा-अहमदपुर मार्ग से डायवर्ट किया गया है।

इसी प्रकार, सियालदह-हल्दीबाड़ी दार्जिलिंग मेल (12343), हावड़ा-गुवाहाटी साराईघाट एक्सप्रेस (12345), हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल (12344) और गुवाहाटी-हावड़ा साराईघाट एक्सप्रेस (12346) को बंडेल-कटवा-अजीमगंज मार्ग से संचालित किया जाएगा। 9 दिसंबर की यात्रा वाली कोलकाता-बालुरघाट तेभागा एक्सप्रेस (13162) भी बंडेल-कटवा-अहमदपुर मार्ग से गुजरेगी। इसके साथ ही, 8 दिसंबर की यात्रा वाली 22322 सीरी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस को सैंथिया-अहमदपुर-कटवा-बंडेल मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है, जबकि 63064 टिनपहाड़-वर्दवान मेमू को रामपुरहाट पर ही शॉर्ट-टर्मिनेट किया जाएगा।

## समृद्ध आध्यात्मिक परंपराएं भारत को बना रही है विश्व गुरु : उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन

**गुरूग्राम/कोलकाता :** भारत के उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के ऋषियों, मुनियों और तपस्वियों की साधना ने विश्व को ध्यान, आत्मबल और सत्य के मार्ग पर अग्रसर किया है। राजयोग, विपस्सना और तपस्या जैसी समृद्ध




आध्यात्मिक परंपराएं आज भारत को विश्व गुरु बना रही हैं। उप राष्ट्रपति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती वर्ष के शुभारंभ अवसर पर शुभारंभ - रश्मियां कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निदेशका बीके आशा, संस्थान के ज्यूरिस्ट विंग की अध्यक्षा राजयोगिनी बीके पुष्पा, अफ्रीका के देशों की क्षेत्रीय समन्वयक राजयोगिनी बीके वेदांती, माउंट आबू से महासचिव राजयोगी बीके करुणा, ओआरसी निदेशिका राजयोगिनी बीके शुक्ला, संस्थान के महिला विंग की अध्यक्षा राजयोगिनी बीके चक्रधारी ने उप राष्ट्रपति का अभिनन्दन किया।

## नाबालिग को धमका कर दुष्कर्म करने वाले अधेड़ को जलपाईगुड़ी कोर्ट ने सुनाई 25 साल की सजा

### पीड़िता के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजे के आदेश

**जलपाईगुड़ी :** नाबालिग छात्रा को धमकी देकर दुष्कर्म करने और उसे चुप रहने के लिए डराने-धमकाने के मामले में जलपाईगुड़ी की विशेष पॉक्सो अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी अधेड़ व्यक्ति को 25 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं चुकाने पर अतिरिक्त दो महीने की जेल होगी। अदालत ने पीड़िता के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी निर्देश दिया है।

घटना पिछले साल अक्टूबर महीने की है। जलपाईगुड़ी जिले के धूपगुड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी



अधेड़ ने नाबालिग लड़की को बार-बार धमकाकर उसका शारीण शोषण किया। आरोपी की करतूत से नाबालिग गर्भवती हो गई। जब बात खुली तो इस वर्ष मार्च महीने में परिजनों ने धूपगुड़ी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। मामले में सबूत के तौर पर पीड़िता के बच्चे का डीएनए टेस्ट रिपोर्ट भी अदालत में पेश की गई, जिसमें आरोपी की पितृत्वता साबित हुई।

जलपाईगुड़ी पॉक्सो कोर्ट के सहायक सरकारी वकील देवाशीष दत्त ने बताया, 9 गवाहों के बयान और पुख्ता सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 25 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई।

मामले की सुनवाई महज नौ महीने में पूरी होना और दोषी को कड़ी सजा मिलना पुलिस व अभियोजन दोनों के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। अदालत के इस फैसले से पीड़िता का परिवार बेहद खुश है।

### हाथ में तख्तियां आंखें नम और दिल में गम...

# चंदननगर अदालत के सामने गूंजी आवाज, 'फांसी दो फांसी दो'

**❑ न्यायालय के समक्ष हत्यारोपियों के फांसी की मांग को लेकर पीड़ित परिवार का प्रदर्शन**

**❑ 40 – 50 लाख के जेम्स के लिए की गई थी जेम्स व्यापारी की निर्मम हत्या**

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के बहुचर्चित जेम्स व्यापारी हत्याकांड में आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने चंदननगर महकमा अदालत के समक्ष हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार की ओर से अरशद इकबाल ने बताया कि हावड़ा के पिलखाना निवासी जेम्स व्यापारी वसीम अकरम को चंदननगर में बिजनेस डील के



बहाने बुलाकर बेदर्दी से हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने इस मामले में तीन हत्यारोपियों जेम्स व्यापारी दंपति काजी मोहसिन, पंपा चक्रवर्ती और उसके बेटे तनिष्क को गिरफ्तार किया है। काजी मोहसिन और पंपा को दिल्ली से, जबकि तनिष्क को पलासी से गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को चंदननगर महकमा अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। यह मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है। आरोप है कि चंदननगर के शारदा अपार्टमेंट, लीचुतला फिरंगीडांगा इलाके में रहने वाले दंपति काजी मोहसिन और पंपा चक्रवर्ती ने करीब 40 से 50 लाख के कीमती जेम्स के लालच में वसीम अकरम को अपने घर बुलाया और सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या कर दी। यह हत्या 28 सितंबर 2025 को अंजाम दी गई थी। हत्या के बाद आरोपी शव को घर में छोड़कर फरार हो गए थे।

तीन दिन बाद पड़ोसियों को घर से दुर्गंध आने पर 1 अक्टूबर को पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने घर से वसीम अकरम का सड़ा गला शव बरामद किया। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और लगभग 55 दिनों की तलाश के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों ने 40 से 50 लाख रुपए के जेम्स के लालच में हत्या की घिनौनी साजिश रची गई। अभियुक्तों को जल्द से जल्द अदालत मौत की सजा सुनाए। उन्हें न्यायपालिका और कानून पर पूरा भरोसा है लेकिन जिस तरह से लालची भेड़ियों ने एक शख्स को निर्ममता से मौत के घाट उतारा है इन्हें फांसी ही मिलनी चाहिए।

# राज्य में पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मतदाता सूची के विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त

**एसआईआर की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग की पहल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राज्य के विभिन्न संभागों के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को मतदाता सूची का विशेष पर्यवेक्षक (एसआरओ) नियुक्त किया। वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद से संबंधित कार्यों की निगरानी करेंगे। रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रविकांत सिंह को प्रेसीडेंसी संभाग का एसआरओ नियुक्त किया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव नीरज कुमार बंसोड़ को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। सूचना



एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार निराला को बर्दवान संभाग का एसआरओ नियुक्त किया गया है, जबकि आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव आलोक तिवारी को मालदह संभाग का और ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव पंकज यादव को जलपाईगुड़ी संभाग का एसआरओ नियुक्त किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि एसआरओ की नियुक्ति से सभी संभागों में एसआईआर प्रक्रिया में बेहतर जांच और पारर्दिशता सुनिश्चित होगी। उनकी उपस्थिति से निगरानी और निर्वाचन आयोग के मानदंडों के अनुपालन को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक मतदाता सूची से संबंधित गतिविधियों की निगरानी करेंगे और अपने-अपने क्षेत्राधिकार में निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

## संतोषपुर में नहर से युवक का तैरता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के महेशतला नगरपालिका के वार्ड 8 में रवींद्र नगर थाना अंतर्गत संतोषपुर पीरडांगा नहर से सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान शेख सिराजुल (32) के रूप में की गई है। पता चला है कि स्थानीय लोगों ने सबसे पहले युवक का शव नहर में तैरता हुआ देखा। फिर, इसकी सूचना रवींद्रनगर थाने को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक का शव बरामद कर बेहाला के विद्यासागर अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक पेशे से मजदूर था। युवक का घर महेशतला नगरपालिका के वार्ड 16 संतोषपुर फकीरपाड़ा में है। हालांकि, इस बात को लेकर संशय है कि युवक की बॉडी उसके घर से कुछ दूरी पर नहर में कैसे मिली। पुलिस ने शव को पहले ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भूकंप रोकने के लिए न्यू मार्केट में लगेगा 'सीस्मिक बार'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मशहूर न्यू मार्केट को भूकंप रोधी बनाया जाएगा। इसके लिए 100 साल पुरानी इमारत को मजबूत करने के लिए सीस्मिक बार लगाए जाएंगे। केएमसी एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने एसएस हॉग मार्केट, जिसे न्यू मार्केट के नाम से जाना जाता है, में होने वाले कामों के लिए पहले ही एक डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली है। हम हेरिटेज इमारतों के साथ कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। हमने एसएस हॉग मार्केट में सीस्मिक बार लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह के सीस्मिक मजबूतीकरण का इस्तेमाल सिंगापुर, जापान और मुंबई में पुरानी इमारतों को बचाने के लिए किया जाता है। सीस्मिक बार भूकंप के दौरान शॉक वेव्स को सोख लेते हैं और उन्हें फिर से बांट देते हैं, जिससे इमारत पर तनाव कम होता है। उन्होंने आगे कहा कि सीस्मिक बार लगाने का फैसला जादवपुर यूनिवर्सिटी के जियोफिजिक्स और सिविल इंजीनियरिंग विशेषज्ञों की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि इस सिस्टम के तहत, मार्केट के चारों ओर अंडरग्राउंड केबल बिछाई जाएंगी, और इन तारों को अलग-अलग दुकानों के स्ट्रक्चरल कॉलम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि काम चलने के दौरान न्यू मार्केट की कुछ दुकानों को कुछ समय के लिए बंद रखना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम व्यापारियों के एसोसिएशन के साथ विस्तार से चर्चा करने के बाद ही आगे बढ़ेंगे।

## बड़ाबाजार में दुकानदार मां और बेटे को धमकाकर 8 लाख की मांगी रंगदारी, मामला पहुंचा थाने

**❑ बेटे की जेब से जबरन निकाले 20 हजार रुपये, 'विजिट फीस' बताया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के पगैया पट्टी में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दुकान में घुसकर कैंसर से पीड़ित महिला दुकानदार और उसके बेटे से 8 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित महिला मनीषा ग्रोवर ने शैलेश मिश्रा, सलमान सिद्दीकी और उनके साथियों पर 8 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। मनीषा ग्रोवर ने बताया कि उनके पति की लगभग दस महीने पहले मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद वह अपने बेटे मयंक ग्रोवर के साथ दुकान चला रही हैं। परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी और बढ़ते चिकित्सा खर्च से जूझ रहा है।

शिकायत के मुताबिक, 3 दिसंबर 2025 की दोपहर लगभग 2 बजे छह- सात लोग उनकी दुकान में आए और उनके बेटे मयंक को जबरन अपने साथ ले गए। आरोप है कि मयंक को शैलेश मिश्रा के पास ले जाया गया, जिन्होंने धमकी भरे लहजे में ललिता झंवर नाम की एक महिला के नाम पर 8 लाख रुपये की मांग की। पीड़िता ने स्पष्ट किया कि न तो उनके परिवार का कोई संबंध इस महिला से है और न ही उनका किसी वित्तीय लेन-देन में शामिल रहे हैं।

इस दौरान आरोपियों ने मयंक की जेब से जबरन 20 हजार रुपये निकाल लिए और इसे 'विजिट फीस' बताया। मनीषा ग्रोवर ने कहा कि बची हुई राशि तुरंत नहीं देने पर आरोपियों ने दुकान बंद कराने और परिवार को गंभीर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। घटना का वीडियो भी उनके दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

मनीषा ने बड़ाबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई है और अपने तथा बेटे की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और गहन जांच की भी अपील की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। वहीं, दूसरी ओर ललिता झंवर ने भी पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बंकिम चंद्र चटर्जी के परपोते ने पीएम के कदम को सराहा, ममता पर लगाया उपेक्षा का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को संसद में आयोजित चर्चा पर बंकिम चंद्र चटर्जी के परपोते सजल चट्टोपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही, उन्होंने कहा कि यह सम्मान बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। सजल ने ममता बनर्जी सरकार पर बंकिम चंद्र चटर्जी, उनके योगदान और परिवार की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उनके पूर्वज और राष्ट्र जागरण का प्रतीक गीत वंदे मातरम् बंगाल सरकार की अनदेखी का शिकार रहे हैं। दिल्ली से जब भी कोई केंद्रीय मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी जैसे गृह मंत्री अमित शाह आते हैं, तो वे परिवार से मिलते हैं, हालचाल पूछते हैं और वंदे मातरम् को आगे बढ़ाने पर चर्चा करते हैं। लेकिन, मुख्यमंत्री ममता ने



एक बार भी आमंत्रित नहीं किया। सजल ने कहा कि संसद में जो चर्चा आज हुई, यह बहुत पहले होना चाहिए था। मैं नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। वंदे मातरम् हमारा राष्ट्रीय मंत्र है, जिसने आजादी की लड़ाई में लोगों को प्रेरित किया। मेरे परिवार को आज तक बंगाल सरकार ने कुछ नहीं दिया। नई पीढ़ी इस गीत को भूल रही है, ऐसे समय में पीएम मोदी का कदम सराहनीय है।

## अर्पिता मुखर्जी की कोर्ट से गुहार, फ्रिज बैंक खातों के इस्तेमाल की मांगी परमिशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी अर्पिता मुखर्जी ने खाने-पीने के लिए पैसे की तंगी का हवाला देते हुए फ्रीज किए गए बैंक खातों को फिर से इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी है। अर्पिता के वकील ने कोर्ट में दावा किया है कि अर्पिता को ठीक से खाने-पीने के लिए भी पैसे नहीं मिल रहे हैं। उन्हें जिंदगी जीने में भी दिक्कत हो रही है। बता दें कि ईडी ने अर्पिता मुखर्जी के तीन बैंक खातों को फ्रीज कर दिया था। इन खातों को फिर से इस्तेमाल करने की अनुमति के लिए उन्होंने पिछले महीने अदालत में अर्जी दी थी। सोमवार को यह मामला ईडी की विशेष अदालत में पहुंचा। अर्पिता के वकील ने अदालत को बताया कि ये खाते 2004 में खोले गए थे। जो नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले से काफी पहले की बात है। इसलिए इनका भ्रष्टाचार से कोई लेना-देना नहीं है और इन्हें फिर से चालू किया जाना चाहिए। वकील ने यह भी बताया कि इन खातों के फ्रीज होने के कारण अर्पिता को अपना जीवन चलाने और यहां तक कि खाने-पीने का इंतजाम करने में भी मुश्किल हो रही है। पहले अर्पिता के वकील ने केवल तीन खातों को चालू करने की अर्जी दी थी। लेकिन अदालत ने उन्हें यह बताते हुए एक नई अर्जी देने का निर्देश दिया कि इन खातों के बंद रहने से अर्पिता को जीवनयापन में क्यों दिक्कत हो रही है और इन खातों में मौजूद पैसों का भ्रष्टाचार से कोई संबंध क्यों नहीं है। इस मामले में अगली सुनवाई 16 दिसंबर को हो सकती है।

## यात्रियों की सुविधा के लिए चलेगी शालीमार-चेर्लापल्ली स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए शालीमार-चेर्लापल्ली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 07182 शालीमार – चेर्लापल्ली स्पेशल ट्रेन 9 दिसंबर 2025 को शालीमार स्टेशन से दोपहर 12:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन चेर्लापल्ली स्टेशन पर सुबह 16:00 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में आने वाले सांतरागाछी, खड़गपुर और बालेश्वर स्टेशनों पर स्टॉपेज निर्धारित किए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस स्पेशल ट्रेन की समय-सारणी का ध्यान रखें और स्टेशन पर समय पर पहुंचें।

## दमदम में गंजी कारखाने में लगी भीषण आग, 10 इंजन पहुंचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम स्थित एक गंजी कारखाने में सोमवार की भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैली, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। खबर मिलते ही दमकल के 10 इंजन मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, शाम को दमदम सेवन पॉइंट के पास गंजी कारखाने में आग लग गई। कारखाने में गंजी जैसा बहुत ज़्यादा ज्वलनशील सामान था, इसलिए आग तेज़ी से फैली। आग की लपटें काफी दूर से देखी जा सकती थीं। कारखाने के मजदूर जल्दी से बाहर आ गए। कारखाने के बगल में एक झुग्गी-झोपड़ी है। इसलिए, इस बात को लेकर अफरा-तफरी मची गई कि



अगर आग झुग्गी-झोपड़ी में फैल गई तो क्या होगा। खबर मिलते ही दमकल के 10 इंजन मौके पर पहुंचे। अभी यह पता नहीं चला है कि उस कारखाने में आग कैसे लगी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है, लेकिन माना जा रहा है कि काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। कारखाना मालिक या कर्मचारियों ने अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि वे जांच करेंगे कि कारखाने में फायरफाइटिंग के सही सिस्टम थे या नहीं।

# जलजमाव और निकासी की समस्या से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**हावड़ा :** बाली नगर पालिका के 32 नंबर वार्ड के निवासियों ने लंबे समय से चली आ रही जलजमाव और निकासी की समस्या के खिलाफ सोमवार को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। वार्डवासियों का कहना है कि लंबे समय तक खड़े पानी के कारण कई लोग चोटें और हाथ-पांव टूटने जैसी दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं, साथ ही कई घरों में त्वचा रोग और जॉन्डिस जैसी बीमारियां फैल गई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले तीन से चार वर्षों से इस इलाके में कोई स्थायी नाली या जल निकासी व्यवस्था नहीं की गई। बार-बार पालिका को शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस कारण निवासियों में गहरी नाराजगी



है। प्रदर्शनकारी ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे 2026 के स्थानीय चुनावों में मतदान का बहिष्कार करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन से इलाके में आवाजाही बाधित हो गई है, और प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## मेनिन्जाइटिस रोकथाम पर जोर, विशेषज्ञ बोले-कार्रवाई का समय अभी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बच्चों के लिए गंभीर खतरा माने जाने वाले मेनिन्जाइटिस (ब्रेन फीवर) को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने समय पर सतर्कता और टीकाकरण की अपील की है। दुनियाभर में हर साल 2.5 मिलियन से अधिक मामले सामने आते हैं, जिनमें पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर सबसे अधिक है। भारत भी मेनिन्जाइटिस से होने वाली मौतों के मामले में शीर्ष देशों में शामिल है।

मेनिन्जाइटिस मस्तिष्क और रीढ़ की झिल्ली में सूजन पैदा करने वाला संक्रमण है, जो बैक्टीरिया, फंगस या वायरस से फैलता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बीमारी की तेजी और जटिलताएं इसे अत्यधिक घातक बनाती हैं। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सौमित्र दत्ता का कहना है, मेनिन्जाइटिस के खिलाफ पहला और सबसे प्रभावी हथियार टीकाकरण है।



खासकर छोटे बच्चे, छात्र, कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग और भीड़ वाले स्थानों में रहने वालों को टीका अवश्य लगवाना चाहिए।

इंडियन एकेडमी ऑफ पेडियाट्रिक्स 9-23 महीने के बच्चों के लिए मेनिन्गोकोकल वैक्सीन की दो डोज की सलाह देती है, जबकि दो वर्ष से ऊपर जोखिम वाले बच्चों को एक डोज दी जाती है। डबल्यूएचओ ने भी 2030 तक बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस महामारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## चंदननगर में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत से गिरकर महिला मजदूर की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चंदननगर थाना इलाके में सोमवार की सुबह एक महिला मजदूर की निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान श्यामली बाग (45) के रूप में हुई है। वह चंदननगर के गोस्वामी घाट की निवासी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को बरामद किया और उसे स्थानीय चंदननगर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, चंदननगर के लालबागान के बेल्टोला इलाके में एक पांच मंजिला हाउसिंग प्रोजेक्ट चल रहा है। इस दिन, सुबह में श्यामली वहां काम करते समय बांस के मचान से गिर गई। ऊपर से कुछ भारी गिरने की आवाज सुनकर हाउसिंग प्रोजेक्ट के दूसरे मजदूर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने चंदननगर थाने को सूचना दी। पुलिस आई और श्यामली को चंदननगर अस्पताल ले गई। निर्माणाधीन इमारत में काम करने वाले अन्य मज़दूरों ने आरोप लगाया है कि श्यामली काम करते समय सेफ्टी बेल्ट नहीं पहनी हुई थी। उनका दावा है कि यही हादसे का कारण हो सकता है। मज़दूरों ने यह भी बताया कि निर्माणाधीन इमारत के मालिक, अचिंत्य दास और हरधन बनर्जी, हादसे के बाद से फरार हैं। श्यामली के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहले ही चुंचुरा इमामबाड़ा अस्पताल भेज दिया गया है। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चला है कि यह घटना कैसे हुई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



ब्रिगेड मैदान में आयोजित गीता पाठ के दौरान धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद लेते कार्यक्रम के समन्वयक कमल सिंह

## स्कूल में बंदूक लेकर पहुंचे सातवीं कक्षा के छात्र से मचा हड़कंप

**हावड़ा, समाज्ञा :** उलुबेड़िया के आमता थाना क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सातवीं कक्षा का एक छात्र कथित रूप से अपने बैग में बंदूक लेकर परिसर में पहुंच गया। दो छात्रों के बीच हुए झगड़े के बाद छात्र द्वारा हथियार लाने की इस घटना ने पूरे विद्यालय में तनाव का माहौल पैदा कर दिया। मामला सामने आते ही स्कूल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ के नेतृत्व में भारी पुलिस बल सोनामयी फतेह सिंह नाहर उच्च विद्यालय पहुंचा और छात्र के पास से बंदूक बरामद की। पुलिस अधीक्षक सुभिमल पाल ने बताया कि बरामद हथियार पंछी मारने वाली बंदूक जैसा दिखता है, लेकिन यह असली है या खिलौना-इसकी जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इतना खतरनाक सामान एक नाबालिग छात्र के हाथों में कैसे पहुंचा। जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत पिछले शुक्रवार को आठवीं कक्षा के एक छात्र और सातवीं कक्षा के छात्र के बीच हुई मारपीट से हुई थी। कथित रूप से इसी झगड़े के बाद सातवीं कक्षा के छात्र ने अपने दोस्त को डराने की नीयत से हथियार स्कूल लाने का फैसला किया। सोमवार को जब उसके सहपाठी ने बैग में बंदूक देखी, तो तुरंत मुख्य शिक्षक को जानकारी दी। बैग खुलवाने पर जब हथियार मिला, तो छात्रों और शिक्षकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने हथियार जब्त कर दोनों छात्रों और उनके परिवारों को थाने बुलाया और काउंसिलिंग के बाद उन्हें छोड़ दिया। घटना की खबर फैलते ही अभिभावक और स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ता विद्यालय के गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

## नरसिंह दत्त कॉलेज में छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं कॉलेज में फंसे

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बेलिलियस रोड स्थित नरसिंह दत्त कॉलेज में छात्रों का चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। छात्रों के एक गुट द्वारा कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन किए जाने के कारण शिक्षक और अध्यापिकाएं घर नहीं जा पा रहे हैं और सोमवार सुबह वे कॉलेज परिसर में ही फंसे रहे। घटना की सूचना मिलने पर बेंटरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण शिक्षक-शिक्षिकाएं कॉलेज के अंदर ही रहे। कॉलेज के अध्यापकों ने बताया कि पिछले बुधवार छात्रों ने कॉलेज की प्रिंसिपल सोमा बंद्योपाध्याय को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे तब से कॉलेज नहीं आ रही हैं। आरोप है कि उसके बाद से ही छात्र प्रिंसिपल पर दबाव बनाने के लिए रोजाना कॉलेज में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और अध्यापकों को देर शाम तक रोककर रखते हैं। सोमवार को भी इसी प्रकार उन्हें फंसा कर रखा गया।

फोन पर प्रिंसिपल सोमा बंद्योपाध्याय ने कहा, छात्रों ने मेरे साथ दुर्व्यवहार और गालियां दीं। मैंने कई बार पुलिस अधिकारियों को सूचना दी, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे कॉलेज की पढ़ाई बाधित हो रही है।

वहीं, विरोध कर रहे छात्रों ने कैमरे के सामने अपनी मांगों के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इस कारण कॉलेज में पूरी तरह से गतिरोध की स्थिति पैदा हो गई है।

# अमेरिका की कंपनी में जॉब के नाम पर 26 लाख की ठगी करने वाला आजमगढ़ से गिरफ्तार

**कोलकाता :** अमेरिका की मशहूर सॉफ्टवेयर कंपनी डेलॉइट में नौकरी दिलाने के नाम पर कोलकाता के एक व्यक्ति से 26 लाख 46 हजार 950 रुपये की ठगी करने के मामले में कोलकाता साइबर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक यादव (22 वर्ष) पुत्र राम अचल यादव को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया है।

मामला कोलकाता साइबर पुलिस स्टेशन केस नंबर 120/24 दिनांक 23 अक्टूबर 2024 का है, जिसमें धारा 66सी/66डी/84बी आईटी एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2), 318(2), 319(2), 336(2),



340(2) और बाद में जोड़ी गई धारा 338 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता संबरण घोष (45 वर्ष) निवासी 67ए, एसएन बनर्जी रोड, कोलकाता ने बताया कि ठगों ने उन्हें hrindeedasia.co ईमेल आईडी से संपर्क कर डेलॉइट अमेरिका में नौकरी का झांसा दिया और अलग-अलग किस्तों में 26.46 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

जांच के दौरान पता चला कि ठगों द्वारा इस्तेमाल की गई फर्जी डोमेन indeedasia.co को CCavenue पेमेंट गेटवे के जरिए खरीदा गया था। पेमेंट गेटवे से जानकारी लेने पर ट्रांजेक्शन indeedasia1258axl यूपीआई आईडी से हुआ, जो स्टेट बैंक की सोफीपुर शाखा, आजमगढ़ के खाता से लिंक था। बैंक से मिली जानकारी के अनुसार यह खाता अभिषेक यादव पुत्र राम अचल यादव, ग्राम संजरपुर, निजामाबाद, आजमगढ़ का है। इसी खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर भी अभिषेक यादव के नाम दर्ज पाया गया।

कोलकाता साइबर पुलिस की टीम ने 7-8 दिसंबर 2025 की रात आजमगढ़ के तहबरपुर थाना क्षेत्र में दबिश देकर अभिषेक यादव को उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

आरोपी को आज 8 दिसंबर 2025 को सीजेएम कोर्ट, आजमगढ़ के समक्ष पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाने की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ठगी के इस बड़े नेटवर्क का अहम हिस्सा था और पूछताछ में कई अन्य राज उजागर होने की संभावना है।

## पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी बाथरूम में गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को दक्षिण कोलकाता में अपने नाकतला घर के बाथरूम में गिरने से चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके परिवार के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने, चटर्जी तीन साल, तीन महीने और 19 दिन बाद ज्यूडिशियल कस्टडी से रिहा होकर घर लौटे थे। उनके परिवार के सूत्रों ने बताया कि पिछले हफ्ते बाथरूम में गिरने से पार्थ चटर्जी के बाएं हाथ में चोट लग गई थी। चटर्जी के फैमिली डॉक्टर को तुरंत घर बुलाया गया। घर पहुंचे डॉक्टर ने चटर्जी की चोट का शुरुआती इलाज किया। लेकिन, शुक्रवार को जब उनके हाथ में दर्द बढ़ गया, तो फैमिली डॉक्टर ने उन्हें फिर से हॉस्पिटल में भर्ती होने की सलाह दी। उनकी सलाह मानते हुए, पूर्व शिक्षा मंत्री को शुक्रवार को फिर से ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चटर्जी के फैमिली सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टरों ने उनके हाथ का एक्स-रे किया है। हालांकि उनके बाएं हाथ में गंभीर चोट है, लेकिन उनका हाथ टूटा नहीं है। हालांकि, डॉक्टर उन्हें हॉस्पिटल में ऑब्ज़र्वेशन में रखना चाहते हैं। इसलिए, चटर्जी को अभी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज नहीं किया जाएगा क्योंकि उन्हें कुछ और दिन हॉस्पिटल में रहना होगा।

**Khanakul-II Dev. Block**
Senhat, Rajhati, Bandar, Hooghly
**NOTICE INVITING TENDER**
The BDO Kh-II, **NIeT No. 112/ BDO Kh-II/2025-26, dt. 03.12.2025. Tender ID-2025_ZPHD_966271_1** for ACR Digbandh. Bids Submission ends **05.01.2026 up to 03.00 P.M.** For detail visit **wbtenders.gov.in**
**Sd/-**
**Block Dev. Officer**
**Khanakul-II Dev. Block**

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड के खूंटी में जंगली हाथियों ने महिला को कुचला, मौत

**रांची:** झारखंड के खूंटी जिले में सोमवार को जंगली हाथियों के झुंड ने 60 वर्षीय एक महिला को कुचलकर मार डाला। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। मृतक की पहचान रनिया थाना क्षेत्र के डिगरी डहुटोली गांव निवासी मरियम कोनगादी के रूप में की गई है। रनिया पुलिस थाने के प्रभारी विकास कुमार जयसवाल ने कहा, जंगली हाथियों के झुंड ने पीड़ित को कुचलकर मार डाला। मृतक का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, खूंटी में किया गया। शव को परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया है।'' उन्होंने बताया कि घटना देर रात करीब दो बजे की है जब पीड़िता अपने घर से बाहर निकली और धान के खेतों की ओर गई। वन रक्षक अविनाश लुगुन ने बताया कि घटना के तुरंत बाद वन विभाग ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को 50 हजार रुपये का चेक सौंपा। शेष 3.50 लाख रुपये का मुआवजा कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

### बिहार के राजगीर में आयुध फैक्टरी को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा कड़ी की गयी

**राजगीर:** बिहार के नालंदा जिले में आयुध फैक्टरी को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि तमिलनाडु से भेजे गए और पाकिस्तानी एजेंसियों का संदर्भ रखने वाले इस ईमेल के बाद आयुध फैक्टरी परिसर में सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया। राजगीर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सुनील कुमार सिंह ने कहा, ईमेल में उल्लेख था कि राजगीर में आयुध फैक्टरी के अंदर विस्फोटक लगाए गए हैं। सूचना मिलते ही परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई और बम निरोधक दस्ते तथा स्वान दस्ते को तलाशी में लगाया गया। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने बताया कि यह धमकी भरा ईमेल रविवार देर रात आयुध फैक्टरी के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजा गया था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर प्रकोष्ठ को जांच में लगाया गया है।

# बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने और रोजगार सृजन पर मुख्यमंत्री नीतीश का जोर



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बक्सर जिले के नवानगर औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किए जा रहे विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को राज्य में औद्योगिक विकास की गति तेज कर अधिक रोजगार सृजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवानगर स्थित वरुण बेवरेज लिमिटेड के पेप्सिको बॉटलिंग संयंत्र और ड्रिंकिंग वाटर बॉटलिंग इकाई का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने गुणवत्ता प्रयोगशाला, वॉटर ट्रीटमेंट और उत्पादन प्रक्रिया की बारीकियों का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने भारत प्लस एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड के संयंत्र का निरीक्षण किया, जहां कंपनी के अधिकारियों ने भूमि, निवेश, कर्मचारियों की संख्या और बाजार उपलब्धता से जुड़ी जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने एसएलएमजी बेवरेज लिमिटेड के कोका-कोला संयंत्र का भी निरीक्षण किया और माइक्रो लैब, लेबोरेटरी तथा उत्पादन प्रक्रिया की कार्यप्रणाली देखी। अधिकारियों ने बताया कि इन इकाइयों में स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। नीतीश कुमार ने प्रस्तावित 125 एकड़ भूमि पर विकसित किए जा रहे एसईजेड की प्रगति की समीक्षा करते हुए सड़क, बिजली, जल निकासी, सुरक्षा तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवानगर औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार तेज गति से किया जाए ताकि अधिक निवेश आकर्षित हो सके। वर्तमान में बक्सर, नवानगर और डुमरांव में तीन औद्योगिक क्षेत्र संचालित हैं। नवानगर औद्योगिक क्षेत्र 439.68 एकड़ में फैला है, जिसमें से 337.07 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। एसईजेड क्षेत्र में डेडिकेटेड बिजली फीडर, वर्षाजल तथा औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन, सोलर स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा व्यवस्था और कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्र के वाणिज्य मंत्रालय ने 19 अक्टूबर 2024 को एसईजेड को मंजूरी दी थी।

### बिहार में कई वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों का किया गया तबादला

**पटना:** बिहार सरकार ने सोमवार को व्यापक प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के कई अधिकारियों का तबादला किया। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचनाओं के अनुसार, के. सेंथिल कुमार को योजना एवं विकास विभाग से मुक्त कर अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पंकज कुमार पाल लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में अपने पद पर बने रहेंगे, साथ ही उन्हें पथ निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अभय कुमार सिंह को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। उन्हें बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (बेल्ट्रॉन) और पटना मेट्रो रेल निगम के प्रबंध निदेशक पद की जिम्मेदारी भी दी गई है। डिजिटल गवर्नेंस, ई-ऑफिस प्रणाली और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को गति देने की दिशा में यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## बिहार में 'ट्रैफिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' स्थापित किये जायेंगे: उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को प्रमुख रेलवे जंक्शनों, व्यस्त चौराहों और जामग्रस्त क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए 'ट्रैफिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत और शहरी क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। चौधरी ने कहा कि राज्य में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिहारवासियों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने और सरल-सुगम यातायात प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए हर स्तर पर सख्त और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने राज्य की यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए कई निर्देश दिये। उन्होंने राज्य में यातायात प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करने को कहा ताकि यातायात प्रबंधन में पुलिस कर्मियों की दक्षता बढ़ सके। उपमुख्यमंत्री ने यातायात पुलिस के विस्तार की आवश्यकता पर भी बल दिया। चौधरी ने यातायात नियमों का लगातार उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सतर्क रहें, किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें और घरेलू अथवा व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह अपील ऐसे समय में की है, जब उनके निर्देश पर पिछले सप्ताह से पूरे प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। उन्होंने सोमवार सुबह 'एक्स' पर एक पोस्ट में उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा, 'उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि घुसपैठियों के लिए लाल कालीन नहीं बिछाया जा सकता। इससे स्पष्ट है कि घुसपैठिए किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों पर अधिकार नागरिकों का है, घुसपैठियों का नहीं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राज्य की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध सघन अभियान शुरू किया गया है तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों पर अनधिकृत बोझ हटाना आवश्यक है और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को वंचितों तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता, इसी उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और पहचाने गए घुसपैठियों को आगे की कार्रवाई के लिए निरुद्ध केंद्र भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मंडल में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

## न्यूज अपडेट

### अखिलेश यादव मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे: ब्रजेश पाठक



**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव को दिगभ्रमित करार देते हुए आरोप लगाया कि वह मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट की वजह से तरह-तरह की अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पाठक ने सोमवार को जिला मुख्यालय के वीर लॉरिक स्टेडियम में 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के उपरांत संवाददाताओं से बातचीत में सपा मुखिया पर यह आरोप लगाते हुए कहा कि यादव और कांग्रेस एक बार अपने गिरेबान में झांक कर देख लें। उन्होंने कहा, ''यादव पूरी तरह से दिगभ्रमित हैं। वन्देमातरम का सम्मान देशवासी अपने मन की गहराइयों से करते हैं।'' पाठक ने कहा , देश पर आपातकाल थोपने वाले (कांग्रेस) लोगों के साथ गलबहियां कर अखिलेश यादव चल रहे हैं। समय आने पर उत्तर प्रदेश की जनता जरूर इसका इनको जवाब देगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब-जब सपा राज्य में सत्ता में रही है, गुंडे, बदमाश, माफिया, लुच्चे-लफंगे पनपे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राष्ट्रीय जनता दल के जंगलराज को बिहार की जनता ने पूरी तरह से समेट दिया है, समाप्त कर दिया और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड बहुमत से सरकार बनी है, उसी तरह उत्तर प्रदेश में कांग्रेस एवं सपा की दाल नहीं गलेगी। पाठक ने दावा किया भाजपा 2027 में प्रचंड बहुमत के साथ 2017 वाला चुनाव परिणाम दोहराएगी और 325 से अधिक सीट लेकर सरकार बनेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या और बंग्लादेशी के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर जानकारी दी कि एक भी रोहिंग्या होगा तो उसे हिरासत में रखा जाएगा एवं कानूनी कार्रवाई होगी।

### झारखंड सरकार ने पेश किया 7,721.25 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट



**रांची:** झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7,721.25 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सोमवार को विधानसभा में पेश किया। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चालू वित्त वर्ष के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इस अनुपूरक बजट में सबसे अधिक 2,082.25 करोड़ रुपये की राशि महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग को देने का प्रस्ताव है। इसके बाद ग्रामीण कार्य विभाग को 1,324.82 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 729.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। किशोर ने विधानसभा के बाहर संवादाताओं से कहा, सरकार मंगलवार को सदन में अपना जवाब देते हुए अनुपूरक बजट के सभी विवरण प्रस्तुत करेगी। हम विपक्ष के सभी सवालों का भी जवाब देंगे। मानसून सत्र के दौरान 25 अगस्त को सदन ने 4,296.62 करोड़ रुपये का पहला अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित किया था। किशोर ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक बजट मार्च में पेश किया था। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हुआ था और यह 11 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के दौरान पांच कामकाजी दिवस होंगे।

### बिहार: हर माह पहली तारीख को शिक्षकों को वेतन, शिक्षा विभाग ने जारी की एसओपी

**पटना :** बिहार के शिक्षकों को अब हर माह की पहली तारीख को वेतन मिलेगा। शिक्षा विभाग ने सोमवार को इससे संबंधित मानक संचालन प्रणाली (एसओपी) जारी किया। विभाग ने स्पष्ट किया कि राज्यकोष से वेतन पाने वाले संस्कृत एवं मदरसा शिक्षकों तथा रात्रि प्रहरियों को भी एक तारीख को ही वेतन का भुगतान किया जाएगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और जिला कार्यक्रम अधिकारियों (डीपीओ) को पत्र भेजा है। एसओपी के अनुसार पुराने वेतनमान वाले नियमित शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए हर माह 20 से 25 तारीख तक प्रखंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को सौंपेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्थापना) 25 तारीख तक वेतन विपत्र तैयार कर 26 तारीख को कोषागार में प्रस्तुत करेंगे। कोषागार अधिकारी इसे 30 तारीख तक स्वीकृत करेंगे और एक तारीख को शिक्षकों के खाते में वेतन राशि भेज दी जाएगी। शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार राज्यकोष से वेतन प्राप्त करने वाले नियोजित शिक्षकों के लिए भी यही प्रक्रिया लागू होगी।

## छात्रवृत्ति, धान खरीद को लेकर भाजपा विधायकों का झारखंड विधानसभा में हंगामा



**रांची:** झारखंड विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने राज्य में छात्रों को कथित तौर पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने और धान खरीद शुरू नहीं होने को लेकर सोमवार को हंगामा किया। जवाब में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत राज्य सरकार ने दावा किया कि केंद्र पिछड़े वर्गों के छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए पर्याप्त धनराशि जारी नहीं कर रहा है। पूर्वाह्न करीब 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने छात्रवृत्ति और धान खरीद का मुद्दा उठाया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने भाजपा विधायकों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया, लेकिन वे आसन के समक्ष आ गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है और धान की खरीद भी अभी तक शुरू नहीं हुई है। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि छात्रवृत्ति के लिए धनराशि केंद्र के पास लंबित है। झारखंड में कांग्रेस सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। यादव ने दावा किया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा कम कर दिया गया और छात्रवृत्ति राशि भी घटा दी गई।

### उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप के अवैध कारोबार की जांच के लिए एसआईटी गठित, अबतक 32 गिरफ्तार

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने पांच ज़िलों में कोडीन-आधारित कफ सिरप और नशे के तौर पर इस्तेमाल होने वाली अन्य दवाओं के अवैध भंडारण और बिक्री की जांच के लिए सोमवार को महानिरीक्षक (आईजी) स्तर के एक अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की घोषणा की। प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने पत्रकारों से कहा कि राज्य सरकार इस मामले को 'बेहद गंभीरता' से ले रही है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक एसआईटी गठित की जा रही है। प्रसाद ने बताया,'जांच के लिए आईजी स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी गठित की जा रही है। एसआईटी में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्राधिकरण (एफडीएसए) के अधिकारी भी शामिल होंगे।' प्रसाद ने यह भी बताया कि कोडीन-आधारित कफ सिरप के कारण राज्य में एक भी मौत नहीं हुई है। प्रसाद ने कहा, 'यह एसआईटी सभी चल रही जांचों की नियमित समीक्षा करेगी, अभियुक्तों से प्राप्त हर सुराग को जोड़ेगी, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई तय करेगी और सभी संबंधित वित्तीय लेनदेन की गहन जांच करेगी।

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

14.12.2025 : पौष दशनी-जैन

15.12.2025 : पार्श्वनाथ जयंती

## आचार्य चाणक्य के अनुसार गलत तरीकों से कमाया धन नहीं देता तरक्की, बढ़ जाती है दरिद्रता

हर व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बनाने और जरूरतों को पूरा करने के लिए धन अर्जित करता है। लेकिन कुछ लोग कड़ी मेहनत की जगह आसान रास्तों को चुनकर जल्दी अमीर बनना चाहते हैं। आचार्य चाणक्य, जिन्हें महान राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और कुशल नीतिकार के रूप में जाना जाता है। चाणक्य के अनुसार, युवावस्था मनुष्य के जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण समय होता है। इसलिए जीवन में सफल बनने के लिए इस अवस्था में कड़ी मेहनत के साथ ही हर व्यक्ति को कुछ बातों का भी ध्यान रखना चाहिए। चाणक्य ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'चाणक्य नीति' में ऐसे लोगों के बारे में बताया है, जिन लोगों के पास धन ज्यादा समय तक नहीं ठहरता, चाहे वे कितना भी कमा लें। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

### श्लोक

**अन्यायोपार्जितं द्रव्यं दश वर्षाणि तिष्ठति।**
**प्राप्ते एकादशे वर्षे समूलं च विनश्यति।।**

**अर्थ:** अन्याय या गलत तरीके से अर्जित धन अधिकतम दस वर्षों तक टिकता है, ग्यारहवें वर्ष में वह पूरी तरह नष्ट हो जाता है।

### अनैतिक तरीके से कमाया गया धन

चाणक्य के अनुसार जो धन ईमानदारी से नहीं, बल्कि अनुचित या धोखाधड़ी के माध्यम से अर्जित किया गया हो, वह सिर्फ क्षणिक सुख देता है। ऐसा धन आपको समृद्धि नहीं देता। यह व्यक्ति की मानसिक शांति छीनने के साथ भविष्य में दुखों का कारण भी बनता है।

### धोखे से धन कमाने वालों का भविष्य

अगर कोई व्यक्ति दूसरों को धोखा देकर धन कमाता है, तो उसका सम्मान धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है। चाणक्य के अनुसार, समाज ऐसे लोगों को तिरस्कृत करता है। ऐसे लोगों के संबंध खराब होते हैं और वह कर्ज तथा मानसिक तनाव से घिर जाते हैं।

### चोरी से अर्जित धन

चोरी या छल-कपट से मिला पैसा कभी स्थायित्व नहीं देता। यह न तो आत्मिक संतोष देता है और न ही सुख-शांति। चाणक्य के अनुसार, चोरी करने वाला व्यक्ति समाज में मान-सम्मान खो देता है। चोरी की कमाई से न केवल स्वयं व्यक्ति का पतन होता है, बल्कि उसके परिवार और वंश को भी इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है।

## 14 या 15 दिसंबर कब है सफला एकादशी? जानें तिथि, महत्व और पूजा विधि

हिंदू धर्म में सफला एकादशी का अत्यंत विशेष महत्व माना गया है। इस दिन किया गया पूजा-पाठ, उपवास और दान साधक को सफलता, सौभाग्य और मनचाहे फल प्रदान करता है। मान्यता है कि पौष मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर सफला एकादशी मनाई जाती है। इस दिन विष्णु जी की विधि-विधान से उपासना व व्रत करने पर साधक को सभी कार्यों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। यह दिन छात्रों के लिए अति उत्तम माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु को कुछ चीजों का भोग लगाने से करियर-परीक्षा में सफलता के योग बनते हैं। यही नहीं श्रीहरि अपने भक्तों के सभी कष्ट, पाप और बाधाओं का भी नाश कर देते हैं। आइए जानते हैं कि, दिसंबर माह में यह व्रत कब रखा जाएगा।



### सफला एकादशी 2025

पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 14 दिसंबर को शाम 6 बजकर 49 मिनट से प्रारंभ होगी। तिथि का समापन अगले दिन 15 दिसंबर को रात 9 बजकर 19 मिनट पर है। तिथि के अनुसार, सफला एकादशी का व्रत 15 दिसंबर 2025 को मान्य होगा।

### पूजा मुहूर्त

पंचांग के मुताबिक, सफला एकादशी पर ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:17 से 06:12 मिनट तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:56 से लेकर दोपहर 12:37 मिनट तक मान्य है। इस तिथि पर चित्रा नक्षत्र बन रहा है, जिस पर शोभन योग का संयोग बना रहेगा।

### एकादशी पूजा विधि

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, एकादशी के दिन एक साफ चौकी पर पीले रंग का वस्त्र बिछाएं। इस पर विष्णु जी की मूर्ति स्थापित करें। अब प्रभु को वस्त्र पहनाएं। इस दौरान उनका श्रृंगार करें विष्णु जी को माला पहनाएं। मान्यता है कि, इस दौरान चंदन का तिलक लगाकर 'ॐ नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात:' मंत्र का जाप करना चाहिए। यह बेहद शुभ होता है।

अब आप साफ शुद्ध घी से दीपक जलाएं। इस दौरान बेसन के लड्डू, केले, पंजीरी और पंचामृ का प्रभु को भोग लगा दें। आप सफला एकादशी की कथा पढ़ें। फिर आरती करें और सुख-समृद्धि की कामना करें। जरूरतमंदों में अन्न का दान करें। इस दौरान कुछ पैसे देना लाभकारी रहेगा।

## 15 या 16 दिसंबर कब लगेगा खरमास ?

दिसंबर न केवल वर्ष समाप्ति बल्कि खरमास के लिए भी जाना जाता है। इस महीने में ग्रहों के राजा सूर्य धनु राशि में प्रवेश करते हैं, जिस कारण खरमास लगता है। धनु के स्वामी ग्रह बृहस्पति है, जिन्हें देवताओं का गुरु कहा जाता है। इसलिए जब भी सूर्यदेव गुरु के घर यानी उनके स्वामित्व वाली राशि में एंट्री करते हैं, तब वह अपने तेज को कम कर लेते हैं। अब चूंकि सूर्य का तेज कम हो जाता है, तो सभी तरह के शुभ-मांगलिक कार्यों पर रोक लगा दी जाती हैं। इस दौरान घरों में शादी-विवाह, सगाई व खरीदारी करने की सख्त मनाही होती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि, इस बार खरमास कब लग रहा है।

दिसंबर में खरमास कब से है ?



ज्योतिषियों के मुताबिक, 16 दिसंबर को सुबह 4 बजकर 27 मिनट पर सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस राशि में आते ही खरमास प्रारंभ होगा यानी 16 दिसंबर से खरमास लग रहा है। इसके बाद सूर्य देव 14 जनवरी 2026 को दोपहर में 3 बजकर 13 मिनट पर मकर राशि में अपना स्थान लेंगे। उनके इस राशि में आते ही खरमास का समापन हो जाएगा।

### खरमास में न करें ये काम

- खरमास में शादी-विवाह जैसे कार्यक्रम नहीं करने चाहिए। इस दौरान आप सगाई, ग्रह प्रवेश व रिश्ता पक्का जैसे काम भी न करें।
- खरमास में घर, जमीन व किसी भी तरह का वाहन भी नहीं खरीदना चाहिए। यह अशुभ होता है।
- इस दौरान आप घर में किसी भी चीज का नया निर्माण कार्य प्रारंभ न करें।
- खरमास के दिनों में आप जनेऊ धारण भी न करें। यह उचित नहीं होता है।
- नए व्यापार, दुकान सहित अन्य कार्यों की भी शुरुआत न करें।
- खरमास होने पर आप सोने-चांदी के गहने भी न खरीदें।

## कर्ज से मुक्ति पाने के लिए शनिवार को करें ये उपाय, सभी परेशानियां भी होंगी दूर

हिंदू धर्म में शनिदेव की पूजा का विशेष महत्व होता है। प्रभु को प्रसन्न और उनकी कृपा पाने के लिए अक्सर शनिवार को दान-पुण्य से जुड़े कार्य किए जाते हैं। मान्यता है कि, शनिवार शनि महाराज को समर्पित है। इस दिन काली चीजों का दान करने से ग्रह-दोषों के अशुभ प्रभाव से राहत मिलती हैं। यही नहीं व्यक्ति के जीवन से कलह भी कम होने लगती हैं। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक, यदि शनिवार को कुछ उपाय किए जाएं, तो जातकों को जीवन में कई सकारात्मक बदलाव दिखाई देते हैं। साथ ही सेहत, कर्ज, करियर में असफलता व व्यापार में नुकसान जैसी परेशानियों का भी निवारण होता है। ऐसे में आप भी इन 5 सरल उपायों की सहायता से शनिदेव को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पा सकते हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।



### शनिवार के 5 सरल उपाय

- धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, शनिवार को शनि मंदिर जाएं। यहां एक कटोरी में सरसों का तेल लेकर उसे शनि महाराज को अर्पित करें। इस दौरान 'ॐ शनैश्चराय विदमहे छायापुत्राय धीमहि।' मंत्र का 11 बार जाप करें। इसके प्रभाव से शनि दोष से राहत प्राप्त होती हैं। साथ ही शनि महाराज की कृपा मिलती हैं।
- शनिवार के दिन एक लोटे में गंगाजल लेकर उसमें कुछ काले तिल मिला लें। इसके बाद इस जल को पीपल के पेड़ की जड़ में दे दें। फिर आप पीपल के पेड़ की 7 बार परिक्रमा करें। इस दौरान ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का स्मरण करें। यह शुभ होता है। इससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देते हैं।
- शनिवार के दिन शमी के पौधे की जड़ के पास काली उड़द की दाल अर्पित करें। इस समय 'ॐ शन्नोदेवीर-भिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये शंय्योरभिस्त्रवन्तुनः।' मंत्र का उच्चारण करते रहें। मान्यता है कि, इसके प्रभाव से जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। साथ ही विरोधियों से मुक्ति मिलती हैं।
- ज्योतिषियों के मुताबिक, शनिवार को दान करने से व्यक्ति को साढ़ेसाती के अशुभ प्रभाव से राहत मिलती हैं। इस समय आप चमड़े के जूते-चप्पल, काले वस्त्र, धन से लेकर काले तिल का भी दान कर सकते हैं। इससे लंबे समय से अटके काम पूरे होते हैं।
- आप शनिवार के दिन शनि मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करें। इसके बाद शनि महाराज के समक्ष दीप जलाएं और उनकी आरती करें। इससे कर्ज से मुक्ति मिलती हैं। साथ ही सेहत में भी सुधार होता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गुजरात पुलिस ने 719 करोड़ रुपये के साइबर अपराध में संलिप्त गिरोह का भंडाफोड़ किया

**अहमदाबाद :** गुजरात पुलिस ने साइबर ठगी में संलिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ कर बैंक कर्मी सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ था और वह करीब 719 करोड़ रुपये की ठगी में संलिप्त है। गांधीनगर के उत्कृष्ट साइबर केंद्र के अनुसार, आरोपी चुनिंदा बैंक खातों में साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त पैसे जमा कराते थे तथा उक्त राशि को नकदी और क्रिप्टो करेंसी में तब्दील करने से पहले दुबई में गिरोह के सदस्यों को भेजते थे जिनके चीनी गिरोहों से संबंध हैं। केंद्र के मुताबिक, ''बैंक कर्मी सहित 10 लरोगों को गिरफ्तार किया है और आशंका है कि गिरोह ने करीब 719 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।''

### अहमदाबाद विमान हादसा : अमेरिकी वकील ने फ्लाइट रिकॉर्डर डेटा मुहैया कराने का आग्रह किया

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे में अपने परिजनों को खोने वाले कम से कम 130 परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी विमानन वकील माइक एंड्रयूज ने केंद्र सरकार से फ्लाइट रिकॉर्डर डेटा जारी करने का आग्रह किया है, जिससे पारदर्शिता आएगी और परिवारों को कानूनी विकल्पों पर विचार करने में मदद मिलेगी। एंड्रयूज़ ने हाल में 'बीबीसी' द्वारा हादसे में एकमात्र जीवित बचे शख्स विश्वास कुमार रमेश के साथ एक साक्षात्कार का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि विमान के अंदर टिमटिमाती लाइट, जो दुर्घटना से ठीक पहले हरी हो गई थीं, बताती हैं कि मुख्य विद्युत प्रणाली अज्ञात कारणों से आपातकालीन या बैकअप सिस्टम पर स्विच हो गई थी। एअर इंडिया की लंदन गैटविक जा रही उड़ान संख्या एआई 171 सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

### पंजाब: सीमा-पार हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने सोमवार को दावा किया कि उसने सीमा-पार हथियार तस्करी से जुड़े एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पाकिस्तान स्थित अपने आका से सीधे संपर्क में था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से छह पिस्तौल बरामद की गई हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया मंच के जरिए पाकिस्तान में बैठे अपने एक आका से निर्देश प्राप्त करते थे और उसी के कहने पर हथियारों की खेप आगे पहुंचाते थे। डीजीपी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि यह मॉड्यूल माझा क्षेत्र (अमृतसर, गुरदासपुर) और दोआबा क्षेत्र (जालंधर, कपूरथला, होशियारपुर) के अपराधियों को आपराधिक गतिविधियों के लिए अवैध हथियार उपलब्ध कराता था।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत तीन दिवसीय अंडमान दौरा 11 दिसंबर से

**श्री विजय पुरम :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत तीन दिवसीय अंडमान-निकोबार दौरे पर 11 दिसंबर को यहां पहुंचेंगे। इस दौरान, वह श्री विजय पुरम में वी डी सावरकर की एक प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरएसएस सरसंघचालक के रूप में भागवत का केंद्र शासित प्रदेश का यह पहला दौरा होगा। लगभग दो दशक पहले, वह संगठन के सरकार्यवाह (महामंत्री) के रूप में द्वीप समूह का दौरा कर चुके हैं। भागवत 11 दिसंबर को यहां पहुंचेंगे और स्थानीय आरएसएस पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। वह 12 दिसंबर की सुबह दक्षिण अंडमान के बेओदनाबाद में सावरकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उसी शाम, वह डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान (डीबीआरएआईटी) में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

# वंदे मातरम् के साथ हुआ अन्याय 'तुष्टीकरण की राजनीति' की शुरूआत थी : राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि 'वंदे मातरम्' के साथ हुआ ''अन्याय'' कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि ''तुष्टीकरण की राजनीति'' की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया था और ''इसी राजनीति ने देश का विभाजन कराया।'' लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लेते हुए सिंह ने कहा कि यह सच स्वीकार करना पड़ेगा कि वंदे मातरम के साथ जो न्याय होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजाद भारत में राष्ट्र गान और राष्ट्रीय गीत को एक समान दर्जा देने की बात थी, लेकिन (राष्ट्रीय गीत) वंदे मातरम् को ''खंडित'' किया गया। सिंह ने कहा, ''वह धरती, (बंगाल) जिस पर वंदे मातरम्



की रचना हुई, उसी धरती पर कांग्रेस ने इसे खंडित करने का काम किया।'' उन्होंने कहा, ''वंदे मातरम के साथ हुआ अन्याय अलग-थलग घटना नहीं थी, यह तुष्टीकरण की राजनीति की शुरूआत थी, जिसे कांग्रेस ने अपनाया। इसी राजनीति ने देश का विभाजन कराया।'' सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् स्वयं में पूर्ण है लेकिन इसे ''अपूर्ण'' बनाने की कोशिश की गई।

उन्होंने कहा कि इसका गौरव लौटाना ''समय की मांग और नैतिकता का तकाजा'' है। उन्होंने कहा, ''हम सभी को मिलकर सोचना चाहिए कि क्या संविधान में नया दायित्व नहीं जोड़ा जा सकता कि राष्ट्रगान की तरह राष्ट्रगीत को सम्मान दिया जाए।'' सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् और बंकिमचंद्र चटर्जी की पुस्तक 'आनंद मठ' कभी भी इस्लाम के विरूद्ध नहीं था। उन्होंने दावा किया कि आज पश्चिम बंगाल से बहुत से परिवारों को पलायन करना पड़ रहा है और ऐसा तृणमूल कांग्रेस की विभाजनकारी राजनीति, घुसपैठियों को शरण देने की राजनीति के कारण हुआ है।

### लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा के दौरान बीच में टोके जाने पर राजनाथ ने जताई नाराजगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में अपने वक्तव्य के दौरान किसी विपक्षी सदस्य के बीच में टोकने पर सख्त नाराजगी जताई। सिंह, ''राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा'' में भाग लेते हुए बोल रहे थे, तभी विपक्ष की ओर से किसी सदस्य ने कुछ टिप्पणी की। इस पर रक्षा मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ''संसद में कोई चाहे जो बोले, सच बोले, सत्य से थोड़ा परे भी बोले, लेकिन शोर-शराबा नहीं मचाना चाहिए।''

# भारत में टाटा ने सी-130 जे विमान की मरम्मत और रखरखाव सुविधा का किया शिलान्यास

**नयी दिल्ली :** रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने भारत में लॉकहीड मार्टिन के सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान की मरम्मत, रखरखाव और सर्विसिंग (एमआरओ) सुविधा का सोमवार को शिलान्यास किया। बेंगलुरु में इस सुविधा का शिलान्यास ऐसे समय में हुआ है, जब टाटा एडवांस्ड सिस्टम-लॉकहीड मार्टिन संयुक्त उद्यम भारतीय वायु सेना को लगभग 80 भारी मालवाहक विमानों की आपूर्ति से जुड़ा करार हासिल करने की दौड़ में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस को सर्वश्रेष्ठ विमान के रूप में पेश कर रहा है। भारतीय वायु सेना में इस समय 12 सी-130जे विमान सेवारत हैं। यह एक अग्रणी सामरिक सैन्य परिवहन विमान है, जिसका इस्तेमाल 23 देशों के 28 ऑपरेटर करते हैं। अब तक, 560 से अधिक सी-130जे विमानों की



आपूर्ति और 20 से अधिक उड़ान योग्यता प्राधिकरणों द्वारा प्रमाणन किया जा चुका है। सुपर हरक्यूलिस का वैश्विक बेड़ा 30 लाख उड़ान घंटों को पार कर चुका है। एमआरओ केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी, सरकारी गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत के दिग्गज और लॉकहीड मार्टिन तथा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि एमआरओ का निर्माण 2026 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है, और 2027 की शुरुआत में इसमें पहले सी-130 विमान की मरम्मत शुरू होगी। लॉकहीड मार्टिन के मुख्य संचालन अधिकारी (सीओओ) फ्रैंक सेंट जॉन ने कहा, ''आज का शिलान्यास कार्यक्रम दर्शाता है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत के साथ हमारा सहयोग कितनी दूर तक पहुंच गया है और हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।''

## ब्रिटेन की ओर से खालिस्तान समर्थक कारोबारी पर प्रतिबंध का स्वागत : भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने ब्रिटेन द्वारा एक ब्रिटिश सिख व्यवसायी पर खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गतिविधियों से कथित तौर पर संबंध रखने की वजह से प्रतिबंध लगाने का सोमवार को स्वागत किया। ब्रिटेन के वित्त विभाग ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि गुरप्रीत सिंह रेहल की संपत्ति जब्त की जा सकती है, क्योंकि उस पर भारत में आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त संगठनों से जुड़े होने का संदेह है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हम ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत विरोधी चरमपंथी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए उठाए गए कदमों का स्वागत करते हैं, जिससे आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई मजबूत होगी और अवैध वित्त पोषण तथा अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।'' वह अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में इस मुद्दे पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। जायसवाल ने कहा, ''ऐसे व्यक्ति और समूह न केवल भारत और ब्रिटेन के लिए बल्कि पूरे विश्व के लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम आतंकवाद-रोधी और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए ब्रिटेन के साथ मिलकर काम करना जारी रखने के लिए तत्पर हैं।'' भारत ब्रिटेन से आग्रह करता रहा है कि वह यूरोपीय देश में सक्रिय खालिस्तान समर्थक चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे। वित्त मंत्री लूसी रिग्बी ने कहा, आतंकवादियों द्वारा ब्रिटेन की वित्तीय प्रणाली का दुरुपयोग करने पर हम चुप नहीं बैठेंगे।

## विमानन क्षेत्र में एकाधिकार देश के लिए खतरनाक, इंडिगो का दो कंपनियों में हो विभाजन: चव्हाण

**मुंबई :** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने इंडिगो संकट पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को कहा कि विमानन क्षेत्र में बढ़ता एकाधिकार अर्थव्यवस्था के लिए 'गंभीर खतरा' है और यात्रियों के हितों को प्रभावित करता है। उन्होंने मांग की कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए संकटग्रस्त इंडिगो को दो कंपनियों में विभाजित किया जाना चाहिए। चव्हाण ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत में हवाई यात्रा पर अब केवल दो प्रमुख कंपनियों का दबदबा है जिनमें इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 65 प्रतिशत है और टाटा समूह (एयर इंडिया और एआई एक्सप्रेस) की बाजार हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आगाह करते हुए कहा, ''2004 में भारत में 10 विमानन कंपनियां थीं, लेकिन आज केवल दो बड़ी कंपनियां ही बची हैं। लगभग 40 करोड़ यात्री और केवल दो विमानन कंपनी, यह स्थिति भविष्य में और अधिक गंभीर हो जाएगी।'' कांग्रेस नेता ने इंडिगो के मौजूदा संकट को ''दुर्भाग्यपूर्ण और हतप्रभ करने वाला'' करार देते हुए कहा कि यह स्थिति नियामक खामियों और सरकार तथा निजी विमानन कंपनियों के बीच कथित मिलीभगत का परिणाम है। इंडिगो की उड़ानों में गत एक हफ्ते से व्यापक व्यवधान देखा गया है। चव्हाण ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू के इस्तीफे, इंडिगो के सीईओ को निलंबित करने और चूक के लिए जिम्मेदार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा, ''विमानन क्षेत्र में एकाधिकार देश के लिए खतरनाक है।'' उन्होंने कहा कि सरकार को पूरे क्षेत्र को निजी कंपनियों के नियंत्रण में नहीं आने देना चाहिए।

### राज्यसभा : मंत्री ने कहा कि बांग्ला में पूछा गया सवाल नहीं समझ पाए, तृणमूल ने किया हंगामा

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय हंगामा किया, जब अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने कहा कि वह तृणमूल सांसद द्वारा बांग्ला में पूछे गए प्रश्न को समझ नहीं पाए। हालांकि बाद में मंत्री ने कहा कि उनके सहयोगी ने उन्हें प्रश्न समझा दिया है और वह इसका उत्तर देंगे। तृणमूल सदस्य ममता ठाकुर ने बांग्लादेश से आए हिंदुओं सहित विस्थापित लोगों के बारे में बांग्ला में प्रश्न पूछा था। इस पर कुरियन ने कहा, मैं प्रश्न नहीं समझ पाया। उनके यह कहने पर तृणमूल सदस्यों ने जोरदार आपत्ति जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच मंत्री ने कहा, मैं प्रश्न समझ गया हूँ। मेरे सहयोगी ने इसका अनुवाद कर दिया है। कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि यह प्रश्न सिख समुदाय के बारे में है और यह सामान्य प्रकृति का प्रश्न है तथा गृह मंत्रालय से संबंधित है। प्रश्न विस्थापित सिख परिवारों के पुनर्वास और कल्याण से जुड़ा था। तृणमूल सदस्यों द्वारा मंत्री की टिप्पणी पर आपत्ति जारी रखने और स्पष्ट जवाब की मांग करने पर सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा, अनुवाद (इंटरप्रिटेशन) के लिए नोटिस नहीं दिया गया है। मंत्री प्रश्न समझकर उत्तर दें।

### भारत, अमेरिका 10-11 दिसंबर को व्यापार समझौते पर वार्ता करेंगे

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के उप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर की अगुवाई वाला एक प्रतिनिधिमंडल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए इस सप्ताह भारत का दौरा करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेगा। इस समझौते के लिए अमेरिका के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव दर्पण जैन के साथ चर्चा करेंगे। सूत्रों ने कहा, ''अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के कार्यालय से उप व्यापार प्रतिनिधि दूत रिक स्विट्जर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 9-11 दिसंबर, 2025 तक भारत का दौरा करेगा। यह बातचीत व्यापार से संबंधित सभी मुद्दों पर होगी।'' यह दौरा इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि दोनों ही देश व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने पर काम कर रहे हैं। अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी अधिकारियों की यह दूसरी यात्रा है। अमेरिकी अधिकारी पिछली बार 16 सितंबर को भारत आए थे।

## हमें वंदे मातरम् से 'एनर्जी' मिलती है, कांग्रेस को इससे 'एलर्जी' होती है: अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वंदे मातरम से ''हमें एनर्जी'' मिलती है, वहीं विपक्षी दल को इससे ''एलर्जी'' होती है। लोकसभा में, ''राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा'' में भाग लेते हुए ठाकुर ने कहा, ''कांग्रेस ने वंदे मातरम् के शताब्दी वर्ष पर आपातकाल लगाकर देश को अंधेरे में पहुंचाया। यह काम उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया और आज स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम् के इतिहास और सांस्कृतिक महत्व को देश के सामने रखा।'' उन्होंने चर्चा की शुरुआत में



प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के दौरान, सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी के अनुपस्थित रहने का जिक्र करते हुए कहा, ''वंदे मातरम् गीत नहीं राष्ट्रीय प्रीत है इसलिए कांग्रेस इससे भयभीत है। जब चर्चा शुरू हुई तो उस परिवार के दो सदस्य सदन में ही उपस्थित नहीं थे जिसे दशकों तक नेतृत्व का मौका मिला।'' ठाकुर ने सदन में प्रियंका गांधी वाड्रा के भाषण से पहले उन पर निशाना साधते हुए कहा, ''अभी गलियारों में चर्चा थी कि पिछले पांच दिन से प्रियंका जी तैयारी कर रही हैं और पूरा वंदे मातरम् बिना पढ़े सुनाएंगी।

## सभी वन मामले सीधे हमारे पास क्यों आते हैं? : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस बात को लेकर आश्चर्य जताया कि वन और झीलों से संबंधित सभी मामले उच्च न्यायालयों को दरकिनार करके शीर्ष अदालत में क्यों आ रहे हैं, वह भी 1995 की एक लंबित जनहित याचिका में अंतरिम आवेदन के रूप में। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सवाल किया, सभी वन मामले इस न्यायालय में क्यों आ रहे हैं? सुखना झील मामले से संबंधित एक आवेदन का हवाला देते हुए, प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ निजी डेवलपर और अन्य के इशारे पर एक दोस्ताना मैच चल रहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणियां इस तथ्य के मद्देनजर महत्वपूर्ण हैं कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई के नेतृत्व वाली पीठ सहित शीर्ष अदालत की पिछली कई पीठें पूरे देश में आरक्षित वन, झीलों, बाघ अभयारण्यों आदि के संबंध में वन और अन्य प्रासंगिक कानूनों के विशिष्ट उल्लंघनों को उठाते हुए दायर अंतरिम आवेदनों (आईए) पर कई निर्देश, आदेश और निर्णय पारित करती रही हैं। ये अंतरिम आवेदन अधिकतर 1995 की लंबित जनहित याचिका में दायर की गई हैं, जिसका शीर्षक 'टी एन गोदावर्मन तिरुमुलपद' है। शुरुआत में, पीठ को चंडीगढ़ स्थित सुखना झील से संबंधित एक याचिका के बारे में बताया गया।

### "जन्मदिन मुबारक हो, मेरे प्रिय धरम जी": हेमा मालिनी ने 90वें जन्मदिन पर धर्मेंद्र को किया याद

**मुंबई :** अभिनेता धर्मेंद्र के 90वें जन्मदिन पर उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने उन्हें बेहद भावुक अंदाज में याद किया और उनके साथ बिताए पलों की कुछ खास तस्वीरें साझा कीं। धर्मेंद्र का 24 नवंबर को उनके जुहू स्थित आवास पर 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। धर्मेंद्र की पत्नी एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर धर्मेंद्र के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, '' धरम जी, जन्मदिन मुबारक हो..आपको गए हुए दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है। मैं धीरे-धीरे खुद को संभाल रही हूं..आप हमेशा मेरे साथ रहेंगे...'' हेमा ने कहा कि उनके साथ बिताई जीवन की ''खुशनुमा यादें'' कभी मिट नहीं सकतीं। इन पलों को फिर से याद करके बड़ा सुकून व खुशी मिलती है। आपके साथ बिताए खूबसूरत वर्षों के लिए भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं। हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की शादी 1980 में हुई थी। उनकी दो बेटियां ईशा और



अहाना हैं। धर्मेंद्र के बेटे एवं अभिनेता सनी देओल ने भी अपने दिवंगत पिता को याद किया। सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, '' आज मेरे पापा का जन्मदिन है। पापा हमेशा मेरे साथ, मुझमें मौजूद हैं। आपसे बेहद प्यार है पापा। आपकी बहुत याद आती है।'' सनी देओल, धर्मेंद्र और उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर की संतान हैं।

## गोवा नाइट क्लब: पुलिस ने कहा-हादसे के बाद फुकेत भाग गए थे मालिक सौरभ और गौरव लूथरा

**पणजी :** गोवा के नाइटक्लब में आग लगने की घटना के कुछ घंटे बाद ही उसके मालिक और मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा फुकेत भाग गए थे। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''गोवा पुलिस ने सौरभ और गौरव लूथरा को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के इंटरपोल प्रभाग के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं।'' पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में नाइट क्लब के 20 कर्मचारी और पांच पर्यटक शामिल हैं, जिनमें से चार दिल्ली से थे। पांच घायलों का सरकारी गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में इलाज जारी है। आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद, गोवा पुलिस के अनुरोध पर खुफिया ब्यूरो (बीओआई) द्वारा सात दिसंबर तक उनके खिलाफ एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। अधिकारी ने कहा कि मुंबई स्थित आव्रजन ब्यूरो से संपर्क किया गया और पाया गया कि दोनों आरोपी आग लगने की घटना के तुरंत बाद, जो आधी रात के आसपास हुई थी, 7 दिसंबर को सुबह 5.30 बजे फुकेत के लिए 6ई 1073 उड़ान में सवार हो गए थे।

## सरकार विमानन क्षेत्र में और अधिक कंपनियों को प्रोत्साहित करना चाहती है : नायडू

- इंडिगो के खिलाफ जांच जारी, एयरलाइन पर कड़ी कार्रवाई करेंगे
- देश के एयरपोर्ट्स का दौरा करेंगे अधिकारी

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय विमानन उद्योग में विकसित हो रही क्षमता और मांग को देखते हुए, आज इस क्षेत्र में पांच बड़ी कंपनियों की



आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में अधिक कंपनियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। नायडू ने कहा, ''हम दो विमानन कंपनियों की बात कर रहे हैं, लेकिन भारत में आज जो क्षमता और मांग है, उसे देखते हुए हमें पांच बड़ी विमानन कंपनियों की आवश्यकता है, और मंत्रालय का यही प्रयास रहा है कि अधिक से अधिक विमानन कंपनियों को आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

वहीं यात्रियों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए मंत्रालय ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को देशभर के एयरपोर्ट्स पर भेजने के निर्देश दिए हैं। उनका काम होगा, एयरलाइन संचालन की स्थिति को जमीन पर जाकर समझना और यात्रियों से बात कर उनकी शिकायतों और समस्याओं को जानना।

# बिहार में राजग सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राज्य के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मोदी ने संसद भवन में बिहार के राजग सांसदों से मुलाकात के कुछ घंटों बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने 'एक्स' पर इस मुलाकात की फोटो साझा करते हुए लिखा, बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद आज संसद भवन में राज्य के राजग सांसदों से हुई मुलाकात ने नयी ऊर्जा से भर दिया। इस दौरान प्रदेश के मेरे परिवारजनों के जीवन को और आसान बनाने के लिए उनके संकल्प को देखकर



अत्यंत प्रसन्नता हुई। 'डबल इंजन' सरकार राज्य की जनता-जनार्दन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ने वाली है। मोदी ने राजग सांसदों से हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की शानदार जीत के बाद लोगों के कल्याण के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को उस समय यह संदेश दिया, जब वे (राजग सांसद) उन्हें (मोदी को) बिहार चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन की भारी जीत की बधाई देने के लिए दिल्ली आए थे। बैठक के बाद शांभवी ने पत्रकारों से कहा, हमने बिहार में शानदार नेतृत्व और प्रचार अभियान के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी तथा उनका आभार जताया, जिसके कारण हमारे चुनाव अभियान को मजबूत गति मिली थी। प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया कि बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है।

# पान मसाला पर उपकर लगाने वाले विधेयक को संसद ने मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** संसद ने पान मसाला उत्पादन इकाइयों पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक को सोमवार को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पर हुई चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जवाब दिए जाने के बाद इसे ध्वनिमत से लौटा दिया गया। लोकसभा ने इसे पांच दिसंबर को मंजूरी दी थी। राज्यसभा में चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा तथा पान मसाला के उपभोग पर 40 प्रतिशत की जीएसटी बरकरार रहेगी। 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पान



मसाला पर लगाए जाने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लेगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है। इसके तहत उन मशीनों या प्रक्रियाओं पर उपकर लगाया जाएगा, जिनके माध्यम से उक्त वस्तुओं का निर्माण या उत्पादन किया जाता है। जब एक जुलाई 2017 को जीएसटी की शुरुआत हुई थी तो जीएसटी कार्यान्वयन के कारण राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए 30 जून 2022 तक पांच वर्षों के लिए क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था लागू की गई थी। क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था को बाद में 31 मार्च 2026 तक चार साल के लिए बढ़ा दिया गया और इसके संग्रह का उपयोग उस ऋण को चुकाने के लिए किया जा रहा है जो केंद्र ने राज्यों को कोविड महामारी की अवधि के दौरान जीएसटी राजस्व हानि की भरपाई के लिए लिया था। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस विधेयक के जरिये आम लोगों की बुनियादी जरूरत की किसी वस्तु पर कर नहीं लगाया जा रहा, सिर्फ हानिकारक वस्तुओं पर कर लगाया जा रहा है।

